नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शुक्रवार 16 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-156 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

घुंघरू सेठ का दिल वाकई दरिया है। दिल्ली वालों को मुफ्त पानी और बिजली देकर उन्होने थोक के भाव में वोट कबाड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। अब यही प्रयोग वे पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और गोवा में भी करने जा रहे है। हर जगह जाकर एक ही बात करते है कि आम आदमी पार्टी को वोट दो और मुफ्त बिजली लो। मानो उनके दादा, परदादा ने हर जगह पावर प्लांट लगा रखें हो। यदि चुनाव आयोग मूकदर्शक बना रहा तो घुंघरू सेठ बहुत जल्द मुफ्त बिजली के साथ मुफ्त पंखा, कूलर और एसी देने का प्रलोभन भी परोस सकते है।

मक्के और गन्ने से एथेनॉल प्लांट के पूंजी निवेश पर जोर

सीएम ने एमओयू की धीमी कार्यवाही पर दिए कड़े निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में एथेनॉल तैयार करने के प्लांट पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक बार फिर जोर दिया है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 15 वीं बैठक में मक्का और गन्ना से एथेनॉल प्लांट के लिए पूंजी निवेश पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि पूंजी निवेश के प्रस्तावों को जल्द से जल्द स्वीकृति दी जाये। आपको बता दें की छत्तीसगढ़ सरकार के प्रयासों के फलस्वरूप अधिशेष चावल से एथेनॉल उत्पादन की दर केंद्र सरकार ने 54 रूपए 87 पैसे प्रति लीटर निर्धारित किया है। लेकिन अब तक पूंजी निवेश के प्रस्तावों को स्वीकृति नहीं

मिली है जिसे लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल फिर एक बार पहल किया है।

मुख्यमंत्री भूपेश ने राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की 15 वीं बैठक में सभी उद्योगों की समस्याओं को दूर करने के लिए दो समितियों का गठन किये जाने पर निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि नीतिगत मामलों के संबंध में उद्योग मंत्री की अध्यक्षता तथा क्रियान्वयन संबंधी मामलों के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन किया जाए। उन्होंने कहा कि इन समितियों के माध्यम से कृषि आधारित उद्योगों तथा बस्तर अंचल में लौह खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना के कार्य में भी तेजी लाने के प्रयास किए जाएं।

एमओयू कार्यवाही पर जताई नाराजगी

राज्य निवेश प्रोत्साहन बोर्ड की बैठक में वर्ष 2001-18 और वर्ष 2012 में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट के दौरान राज्य में उद्योगों की स्थापना के लिए किए गए एमओयू के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की गई। वर्ष 2001 से 2018 तक के 55 एमओयू तथा वर्ष 2012 में ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट के दौरान किए गए 103 एमओयू में निष्क्रियता के चलते किसी भी प्रकार की कार्यवाही प्रारंभ नही होने के कारण इन दोनों को मिलाकर कुल 158 एमओयू निरस्त करने का निर्णय लिया गया।

67 एमओयू में उत्पादन शुरू

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2001 से 2018 के बीच 3 लाख 3 हजार 115 करोड़ 70 लाख रूपए के पूंजी निवेश के 211 एमओयू किए गए थे, इनमें वास्तविक पूंजी निवेश 78776.36 करोड़ रूपए का हुआ है। 67 एमओयू में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है, 61 एमओयू में क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है, जबकि 55 एमओयू में कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, जिन्हें निरस्त करने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार ग्लोबल इंवेस्टर्स मीट में 93 हजार 830 करोड़ रूपए 69 लाख रूपए पूंजी निवेश के 275 एमओयू किए गए थे, इनमें से वास्तविक पूंजी निवेश 2003.59 करोड़ रूपए का हुआ है। 6 परियोजनाओं में उत्पादन प्रारंभ हो चुका है। 25 परियोजनाओं में स्थल चयन कर क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है। शेष 103 एमओयू में कोई कार्य प्रारंभ नही हुआ है, जिन्हें निरस्त करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्ष 2019 से अब तक 115 एमओयू प्रभावशील हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में बढ़े डेल्टा वैरिएंट के केस

भारत में कोरोना की तीसरी लहर की आहट: रिपोर्ट

नई दिल्ली(ए.)। भारत में कोरोना की तीसरी लहर को लेकर बड़े पैमाने पर चिंता जताई जा रही है। इस बीच डेल्टा वैरिएंट केसेज में इजाफा देखने को मिल रहा है। वहीं कोरोना के रूप में भी लगातार बदलाव देखने को मिल रहा है। इसने भारत के लिए तीसरी लहर का खतरा और बढ़ा दिया है। एक फॉरेन ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में यह चिंता जाहिर की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि कम से कम 20 फीसदी जिलों में अभी भी दूसरी लहर की रफ्तार कम नहीं हुई है। यहां अब भी हर रोज बड़ी संख्या में कोरोना के मामले सामने आ रहे हैं। करीब एक महीने पहले यहां पर कोरोना के नए केसेज की रफ्तार घटकर पांच परसेंट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीसरी लहर का खतरा ज्यादा

यूबीएस सिक्योरिटीज इंडिया की चीफ इकॉनमिस्ट तन्वी गुप्ता जैन का कहना है कि कोरोना की तीसरी लहर का खतरा ज्यादा दिखाई दे रहा है। आर्थिक गतिविधियों में लगातार इजाफा हो रहा है। वहीं कई राज्यों में भी लगातार कोरोना संबंधी कड़ाइयों में छूट दी जा रही है। इसने भी कहीं न कहीं खतरा बढ़ाया है। यूबीएस की रिपोर्ट के मुताबिक वैक्सीनेशन की रफ्तार में भी बीते दिनों में कमी आई है। जहां पहले हर रोज 4 लाख लोगों को कोरोना का टीका लगाया जा रहा था। वहीं अब यह आंकड़ा 3.4 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में कोरोना के 41 हजार से अधिक नये मामले

नई दिल्ली (वार्ता)। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के 41 हजार से अधिक नये मामले सामने आये और 581 लोगों की इस महामारी से मौत हो गई। इस बीच बुधवार को 34 लाख 97 हजार 058 लोगों को कोरोना के टीके लगाये गये। देश में अब तक 39 करोड़ 13 लाख 40 हजार 491 लोगों का टीकाकरण किया जा चुका है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में कोरोना के 41,806 नये मामले सामने आने के साथ ही संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर तीन करोड़ नौ लाख 87 हजार 880 हो गया है। इस दौरान 39 हजार 130 मरीजों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की कुल संख्या बढ़कर तीन करोड़ एक लाख 43 हजार 850 हो गयी है।

छत्तीसगढ़ में संक्रमण दर और घटकर 0.65 प्रतिशत पर

21 जिलों में 1% से नीचे, 7 जिलों में 1.13% से 2.33% के बीच

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम के लिए किए गए प्रभावी उपायों से संक्रमण की स्थिति में लगातार सुधार आ रहा है। प्रदेश में संक्रमण की दर और गिरकर 0.65 प्रतिशत पर पहुंच गई है। यह इस साल का सबसे कम संक्रमण दर है। प्रदेश में 14 जुलाई को 38 हजार 731 सैंपलों की जांच में 252 लोग कोरोना संक्रमण पाए गए। राजनांदगांव और बेमेतरा जिले में संक्रमण का कोई नया मामला नहीं आया। प्रदेश के 21 जिलों में संक्रमण की दर अब एक प्रतिशत से भी नीचे पहुंच गई है। शेष सात जिलों में यह दर 1.13 प्रतिशत से लेकर अधिकतम 2.33 प्रतिशत तक है। राज्य में अभी कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या 4028 है।

क्रमश: संक्रमण दर घटी

जनवरी में	1.55 प्रतिशत
फरवरी में	0.89 प्रतिशत
मार्च में	0.81 प्रतिशत
अप्रैल में	11.3 प्रतिशत
मई में	3.7 प्रतिशत
जून में	0.97 प्रतिशत

वैक्सीन की बड़ी खेप पहुंची रायपुर: माना स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर कोविशील्ड वैक्सीन की बड़ी खेप गुरुवार को पहुंची। अभी 13 बॉक्स कोविशील्ड वैक्सीन के रायपुर एयरपोर्ट पहुंचे हैं। रायपुर एयरपोर्ट के निदेशक राकेश रंजन सहाय ने बताया कि मुंबई से रायपुर पहुंची फ्लाइट एआई 651 से 13 बॉक्स कोविशील्ड वैक्सीन के उतारे गए हैं। राज्य टीकाकरण अधिकारी डॉ. भगत ने बताया कि आज छत्तीसगढ़ को कोविड वैक्सीन की बड़ी खेप मिलेगी। अभी 1.50 लाख डोज कोविशील्ड वैक्सीन के पहुंचे हैं। दोपहर ढाई बजे वैक्सीन की एक और खेप पहुंचेगी।

खास-खबर

रायपुर के इंद्रजीत घोष ने हासिल की दुर्लभ उपलब्धि

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के 25 वर्षीय इंद्रजीत घोष दुर्लभ उपलब्धि हासिल करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति बन गए हैं। जब उन्होंने रियाज़ान ओब्लास्ट, रूस से लाइसेंस प्राप्त यूनाइटेड स्टेट्स पैराशूट एसोसिएशन के एक विमान से 25 बार कूदकर 14 हजार फीट से स्काइडाइव किया। इसी महीने स्काईडाइव इंडिया द्वारा इंद्रजीत को प्रशिक्षित किया गया था। इंद्रजीत को पूर्व भारतीय नौसेना अधिकारी और स्काइडाइविंग प्रशिक्षक राजेश कुमार, रूसी सेना, बेलारूस राष्ट्रीय टीम और प्रमाणित यूएसपीए प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षित किया गया था, जिसे एएफएफ (त्वरित फ्री फॉल) के रूप में जाना जाता है।

जीपी सिंह मामले में हाई कोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

- सर्च वारंट जारी कर दोबारा ली गई घर की तलाशी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। निलंबित जीपी सिंह की दोनो याचिकाओं पर आज छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। जिसमे कोर्ट ने प्रदेश सरकार से मामले की केस डायरी तलब की है। राजद्रोह के आरोपों से घिरने के बाद जीपी सिंह ने हाई कोर्ट में अंतरिम राहत के साथ राज्य पुलिस द्वारा किये जा रहे जाँच को रोकते हुए सीबीआई या स्वतंत्र जांच एजेंसी से जाँच की याचिका 9 जुलाई को लगाई थी। जिसके बाद आज ■ शेष पृष्ठ 6 पर

केस डायरी भी जमा करनी होगी

मामले की अगली सुनवाई अब मंगलवार को होगी। जिसमे राज्य सरकार की ओर से हाई कोर्ट को जवाब के साथ ही केस डायरी भी जमा करनी होगी। दूसरी ओर जीपी सिंह ने रायपुर के डीजे कोर्ट में अपनी अग्रिम याचिका भी दायर की थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पुलिस से केस डायरी की मांग की थी। लेकिन डायरी अपूर्ण होने पर जीपी सिंह को जमानत याचिका मंगलवार को वापस लेना पड़ा था।

हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल

गौरतलब है कि जीपी सिंह द्वारा याचिका दायर किए जाने के बाद राज्य सरकार ने भी हाईकोर्ट में कैविएट दाखिल किया था। जिसमें कोर्ट से अपील की गई थी कि फैसला देने से पहले कोर्ट को राज्य सरकार का पक्ष भी सुनना चाहिए। अब सरकार को मंगलवार को अपना पक्ष रखने का मौका मिलेगा। इधर राजद्रोह के मामले को जीपी सिंह ने सरकार और कुछ अधिकारीयों की मिलीभगत कर उन्हें फंसाये जाने की याचिका दायर किया है। सिंह के वकील का कहना है कि डायरी को आधार मानकर जो वो पूरी तरह से साजिश है। हाई कोर्ट में जीपी सिंह की ओर से राजद्रोह को चुनौती भी दी गई है।

मानसून सत्र में सवालों की होगी बौछार, 700 से अधिक लगे सवाल

लोक लेखा समिति की बैठक 3 व 4 को

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र में इस बार सवालों की बौछार होगी। कम दिनों का होने के बावजूद विपक्षी दलों के विधायकों के साथ-साथ सत्ता पक्ष के विधायक भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यो जुड़े सहित अन्य मुद्दों को लेकर बढ़-चढ़कर सवाल लगा रहे है। मानसून सत्र का आगाज 26 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहा है जो 30 जुलाई तक चलेगा। 05 दिनों के सत्र के लिए अब तक

विधायकों द्वारा 717 सवाल लगा चुके, इनमें तारांकित 375 व अतारांकित 342 सवाल है। सवाल लगाने का सिलसिला अभी जारी रहेगा। कम दिनों के सत्र के लिए जिस तरह से विधायकों द्वारा सवाल लगाए जा रहे है उससे संभावना है कि सत्र काफी हंगामेदार होगा। प्रमुख विपक्षी दल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जानिए कैसे बदलेगी काशी की काया

वाराणसी को 1500 करोड़ की सौगात

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 1500 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी। इनमें कुछ परियोजाओं का लोकार्पण किया गया तो कुछ परियोजनाओं का शिलान्यास भी हुआ है। पीएम मोदी ने जिन परियोजनाओं की सौगात दी है उससे न सिर्फयहां का पर्यटन ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जापान से मिला रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर का उपहार

पीएम मोदी की तरफसे गुरुवार को मिला सबसे बड़ तोहफा रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर है। 186 करोड़ की लागत से बना यह सेंटर एक तरह से जापान की तरफ से देश को उपहार है। रुद्राक्ष के बनने से शहर में सांस्कृतिक और प्रवासी भारतीय दिवस जैसे वैश्विक आयोजनों के लिए जगह की कमी नहीं रहेगी। इसके अलावा प्रदर्शनी और मेलों के साथ ही पर्यटन व कारोबार से जुड़े सरकारी आयोजन भी यहां आसानी से हो सकते हैं।

गुप्ता बंधुओं के 'पाप' की भुगत रहे सजा!

द.अफ्रीका में 13 लाख भारतीयों पर संकट!

- दक्षिण अफ्रीका में पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की गिरफ्तारी के बाद हालात युद्ध जैसे हो गए हैं

जोहानिसबर्ग। हिंद महासागर से सटे दक्षिण अफ्रीका में पूर्व राष्ट्रपति जैकब जुमा की गिरफ्तारी के बाद हालात युद्ध जैसे हो गए हैं। देश के कई इलाकों में जमकर लूटपाट और हिंसा हो रही है और अब तक करीब 72 लोग मारे गए हैं। इस हिंसा की आंच में अब दक्षिण अफ्रीका में रह रहे 13 लाख भारतीय भी बड़े पैमाने पर झुलस रहे हैं। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दक्षिण अफ्रीकी विदेश मंत्री के साथ बात की है। दक्षिण अफ्रीका में जारी इस पूरे विवाद से यूपी के रहने वाले गुप्ता बंधुओं का भी बड़ा करीबी संबंध रहा है।

दक्षिण अफ्रीका में रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों का कहना है कि जोहानिसबर्ग और क्वाजुलु नटाल में बड़े पैमाने पर भारतीय मूल के लोगों को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बंगाल में चुनाव बाद हिंसा पर एनएचआरसी ने हाई कोर्ट को सौंपी रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की कमिटी ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा की जांच के बाद अपनी सिफारिशें दी हैं। इसमें कहा गया है कि पश्चिम बंगाल के जिन गांवों में हिंसा के पांच से ज्यादा मामले हुए हैं वहां सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स (सीएपीएफ) लगाई जाए। कमिटी ने कलकत्ता हाई कोर्ट को अपनी रिपोर्ट सौंपी है। कोर्ट के आदेश के बाद ही यह कमिटी बनाई गई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स के 1-10 जवानों की 500 पिकेट भी तैनात की जाती हैं तो यह 10 बटालियन से भी कम में हो जाएगा।

दुरूपयोग — राजद्रोह कानून क्या है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अंग्रेजों के समय से अब तक क्यों चल रहा

राजद्रोह का प्रावधान जारी रखना दुर्भाग्यपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून के दुरुपयोग पर चिंता जताई है। कोर्ट ने आजादी के 75 साल बाद भी इस कानून के होने की उपयोगिता पर केंद्र से सवाल किया है। शीर्ष न्यायालय में राजद्रोह कानून को चुनौती देते हुए उसे गैर संवैधानिक घोषित करने की गुहार लगाई गई है। इसे लेकर याचिका दाखिल हुई है। आखिर राजद्रोह कानून क्या है, देश की सबसे बड़ी अदालत ने इस कानून पर क्या कहा है, इसका विरोध करने वालों का क्या कहना है?

सजा का प्रावधान क्या है?: राजद्रोह गैर जमानती अपराध है। राजद्रोह के मामले में दोषी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

क्या है मामला?

शीर्ष अदालत की टिप्पणी मैसूर के मेजर जनरल एसजी वोम्बटकेरे की याचिका पर आई है। इसमें आईपीसी की धारा 124ए (देशद्रोह) की सवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में कहा गया है कि यह कानूनन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार पर अनुचित प्रतिबंध है।

क्या है राजद्रोह कानून?

भारतीय दंड संहिता की धारा 124ए में राजद्रोह को परिभाषित किया गया है। इसके अनुसार, अगर कोई व्यक्ति सरकार-विरोधी सामग्री लिखता या बोलता है, ऐसी सामग्री का समर्थन करता है, राष्ट्रीय चिन्हों का अपमान करने के साथ संविधान को नीचा दिखाने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफआईपीसी की धारा 124ए में राजद्रोह का मामला दर्ज हो सकता है। इसके अलावा अगर कोई शख्स देश विरोधी संगठन के खिलाफअनजाने में भी संबंध रखता है या किसी भी प्रकार से सहयोग करता है तो वह भी राजद्रोह के दायरे में आता है।

सरकार का क्या है पक्ष?

अटॉर्नी जनरल के.के. वेणुगोपाल ने सरकार का पक्ष रखते हुए इस बात पर जोर दिया कि पूरे कानून को निकालने के बजाय इसके उपयोग पर पैरामीटर निर्धारित किए जा सकते हैं। केंद्र सरकार ने जुलाई 2019 में संसद में कहा था कि वह राजद्रोह कानून को खत्म नहीं करेगी। सरकार का कहना था कि राष्ट्र-विरोधी, पृथकतावादी और आतंकवादी तत्वों से प्रभावकारी ढंग से निपटने के लिए इस कानून की जरूरत है।

सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा है?

मुख्य न्यायाधीश एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा है कि यह महात्मा गांधी, तिलक को चुप कराने के लिए अंग्रेजों की ओर से इस्तेमाल किया गया एक औपनिवेशिक कानून है। फिर भी, आजादी के 75 साल बाद भी क्या यह जरूरी है? मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'यह ऐसा है जैसे आप बढ़ई को आरी देते हैं, वह पूरे जंगल को काट देगा। यह इस कानून का प्रभाव है।' उन्होंने बताया कि एक गांव में भी पुलिस अधिकारी राजद्रोह कानून लागू कर सकते हैं और इन सभी मुद्दों की जांच की जानी चाहिए। मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'मेरी चिंता कानून के दुरुपयोग को लेकर है। क्रियान्वयन एजेंसियों की कोई जवाबदेही नहीं है। मैं इस पर गौर करूंगा। सरकार पहले ही कई बासी कानूनों को निकाल चुकी है, मुझे नहीं पता कि आप इस कानून को क्यों नहीं देख रहे हैं।'अदालत की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर राजद्रोह कानून ट्रेंड होने लगा।

...गांधी परिवार के बाहर जाएगी कांग्रेस की कमान!

- कमलनाथ को पार्टी अध्यक्ष बनाए जाने की अटकलें

नई दिल्ली। कांग्रेस परिवार के बेहद करीबी माने जाने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गुरुवार को दिल्ली में पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की। सोनिया के आवास पर हुई बैठक में यूपी महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद थीं। सूत्रों की मानें तो कलमनाथ को कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष बनाया जा सकता है।यदि ऐसा होता है तो दो दशक से अधिक समय के बाद पहली बार कांग्रेस पार्टी की कमान गांधी परिवार से बाहर जाएगी। 1998 में सोनिया गांधी के अध्यक्ष बनाए जाने के बाद से ही पार्टी की बागडोर गांधी परिवार के हाथ में रही है।

बैठक से इस बात को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि कांग्रेस निकट भविष्य में पार्टी में बड़े फेरबदल की तैयारी में है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नए अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया भी जल्द शुरू की जा सकती है। 2019 लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। तब से ही अंतरिम अध्यक्ष के रूप में सोनिया गांधी जिम्मेदारी निभा रही हैं। हालांकि, इस बीच पार्टी के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कलेक्टर ने निगम में ली बीएसपी प्रबंधन की बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। आज निगम परिसर में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में जिला प्रशासन एवं बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में कलेक्टर ने बीएसपी टाउनशिप में शुद्ध पेयजल के लिए फिल्टर प्लांट को अपग्रेड करने संबंधी कोशिशों के बारे में बीएसपी प्रबंधन से पूछा। प्रबंधन ने बताया कि फिल्टर प्लांट को अपग्रेड करने एवं इसके आधुनिकीकरण के लिए प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। पुराने फिल्टर की जगह के पास ही इसे विस्तारित किया जाएगा। इसके लिए ईओआई; एक्सप्रेशन आफ इंटरेस्टद्ध दो.तीन दिनों में जारी हो जाएगा। इसके पश्चात जल्द ही इस पर कार्य आरंभ हो जाएगा। आज की बैठक में नगर निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी तथा जलसंसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता सुरेश पांडेय भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि कल ही उन्होंने मरोदा टैंक का भ्रमण किया है। मरोदा टैंक में जलभराव अभी जरूरतों के मुताबिक पर्याप्त है तथा पानी भी काफी साफ है। कलेक्टर ने कहा कि फिल्टर प्लांट के अपग्रेडेशन के दीर्घकालीन प्रोजेक्ट के साथ ही वर्तमान के लिए भी ऐसे त्वरित कार्य करें ताकि लोगों को शुद्ध पेयजल में किसी तरह की परेशानी न आए। बैठक में अपर कलेक्टर सुश्री नूपुर राशि पन्ना भी मौजूद थीं। टाउनशिप की बिजली व्यवस्था और दुकानों की हाइट बढ़ाने पर भी हुई चर्चा. कलेक्टर ने टाउनशिप में बिजली आपूर्ति के संबंध में भी प्रबंधन से चर्चा की। इस संबंध में आपूर्ति भविष्य में सीएसपीडीसीएल से किये जाने के संबंध में चर्चा हुई। साथ ही दुकानों की ऊंचाई 14 से 28 फीट करने पर भी चर्चा हुई।

डेंगू मरीज के परिजन से मिले आयुक्त

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी टाउनशिप क्षेत्र में डेंगू पीड़ित मरीज के परिजनों से मिलने उनके निवास सेक्टर 5 पहुंचे। इस दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली भी मौजूद थे। आयुक्त रघुवंशी ने परिजन से मरीज का हालचाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। परिजन से चर्चा करते हुए उन्होंने टेमीफास् की उपलब्धता और उपयोग करने की जानकारी ली। डेंगू की रोकथाम के लिए जागरूक करते हुए परिजनों से कहा कि सोते समय हमेशा मच्छरदानी का उपयोग करें डेंगू उन्मूलन के लिए सतर्कता के साथ ही जागरूकता भी जरूरी है। पानी को पात्रों में ज्यादा दिन तक स्टोर न होने दें कूलर एवं अन्य पात्रों के पानी को निरंतर चेक करते रहेए घर के भीतर परिसर में तथा आसपास भी स्थल स्वस्थ रहे ताकि मच्छरों को छिपने की जगह न मिले कहीं भी पानी का जमाव न हो जिससे लार्वा को पनपने का अवसर नहीं मिलेगा। उन्होंने आसपास के कई घरों के कूलर एवं पात्रों की जांच कराई तथा समीपस्थ क्षेत्रों का निरीक्षण किया। सेक्टर 5 में डेंगू नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए चलाए जा रहे घर.घर सर्वे अभियान की रिपोर्ट की समीक्षा उन्होंने स्पॉट पर की। मरीज की ट्रैवलिंग हिस्ट्री दल्लीराजहरा से आने के बाद आया बुखार सर्वेक्षण के दौरान प्राप्त रिपोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित व्यक्ति जो कि सेक्टर 5 का निवासी है।

न्यूज गैलरी

श्री शंकराचार्य ने किया एमओयू

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के मध्य एमण् ओ. यू.पर आज हस्ताक्षर हुए। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के प्राचार्य शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के प्राचार्य डॉ के. एल. टांडेकर एवं श्री शंकराचार्य महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्या डॉ रक्षासिंह उपस्थित थे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिरिक्त निदेशक डॉजे.दुर्गाप्रसाद राव भी उपस्थित थे। अतिथियो का स्वागत पौधे से किया गया। महाविद्यालय की निदेशक एवं प्राचार्य डॉ रक्षासिंह ने एमओयू (समझौता ज्ञापन) के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि यह अनुबंध आगामी 3 वर्षों के लिए किया गया है जिसमें दोनों महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, प्राध्यापकगण एक दूसरे के महाविद्यालयों को विभिन्न प्रकार से लाभान्वित करेंगे, जिसमें प्रमुख रुप से उपलब्ध संसाधनों एवं अन्य शैक्षणिक परिपेक्ष्य के संबंध में अध्ययन कर सकेंगे। अनुबंध के अंतर्गत प्रयोगशाला गतिविधियां एवं वेबीनार लेक्चरर्स आयोजित किए जाएंगें। दोनों महाविद्यालय के छात्र.छात्राएं प्रयोगिक एवं अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों से संबंधित समस्या एवं ज्ञान को साक्षा करते हुए बेहतर तालमेल से अपने ज्ञान एवं कौशल में विकास कर सकेगे। महाविद्यालय के प्राध्यापकगण अपने-अपने विषयों से संबंधित शोध एवं अन्य कार्यो के प्रति एक दुसरे के अनुभव का लाभ उठाकर बेहतर प्रदर्शन कर पांयेगे। महाविद्यालय डोंगरगढ़ प्राचार्य ने भी अपने संक्षिप्त उद्बोधन दिया।

वार्ड 56, 57, 58 उरला-बघेरा क्षेत्र के नागरिकों की सुनी समस्याएं

महापौर आपके द्वार में पहुंचे पटरीपार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। महापौर धीरज बाकलीवाल ने नागरिक सुविधाओं का जायजा लेने उरला बघेरा, रामनगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने और संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र की साफ-सफाई सुचारू सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्थानीय पार्षद एवं लोगों ने महापौर को वार्ड 57 और 58 क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की समस्या से अवगत कराया। बारिश होने पर सड़क में पानी भर जाता है इसके लिए महापौर ने बारिश के पानी के बहाव के लिए रास्ता बनवाने के लिए निर्देश दिए। इसके साथ ही क्षेत्र में पड़े मलबे के लिए संबंधित विभाग को हटवाने करने के निर्देश दिए। महापौर ने राम नगर क्षेत्र में सीमेंटीकरण और नाली निर्माण के लिए जल्द प्रस्ताव तैयार करने के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर वार्ड 57 रामनगर बंशी साहू के घर पास मुख्य मार्ग नाली बनवाने के लिए और साई नगर लोधी पारा क्षेत्र वार्ड 58 आरती टेंट हाउस के सामने गली धन्नू लाल सिन्हा के घर से लेकर संजय पटेल के घर तक नाली निर्माण के लिए निर्देश दिए। साई नगर के कुछ जगहों पर अमृत मिशन पाइप कार्यो से सड़क पर जो गढ्ढे है उसको जल्द व्यवस्थित करने को कहा गया। इस मौके पर पूर्व पार्षद राजकुमार साहू, एनी पीटर, मासुब अली, नंदू ध्रुव, राहुल अग्रवाल, अमोल जैन एवं अन्य मौजूद थे।

आज नहीं लगेगा टीका

नगर निगम द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि कल 16 जुलाई को नगर निगम के टीका केन्द्रों में टीकाकरण का कार्यक्रम स्थगित रहेगा। नगर निगम को 18 प्लस व 45 प्लस की कोवैक्सीन व कोविशील्ड उपलब्ध नहीं हो पाई है। निगम के पास भी वेक्सीन नहीं होने की वजह से 16 जुलाई को टीकाकरण का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया हैं।

अतिक्रमण पर निगम हुआ अलर्ट

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। कालोनाइजर द्वारा ईडब्ल्यूएस के लिए छोड़े जमीन पर अतिक्रमण किए जाने की शिकायत पर निगम के अधिकारी अलर्ट मोड में है। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के आदेश दिए है। उन्होंने समीक्षा बैठक में कहा कि आरक्षित जमीन को अतिक्रमण से बचाने पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने भवन अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए है कि निगम क्षेत्र के कालोनाइजरों की फाइल अच्छे से खंगाले। साथ ही इस बात की सूक्ष्मता से जांच करे कि कालोनाइजर ने ईडब्ल्यूएस के लिए जमीन छोड़ा है कि नहीं। अगर जमीन है तो वह अक्रिमण की चपेट या फिर अवैध प्लाटिंग का हिस्सा तो नहीं बना है। ऐसे प्रकरणों पर आयुक्त ने संबंधित सब इंजीनियर को सीधे एफआई आर कराने के निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर, सहायक अभियंता बीके सिंह, राजकुमार जैन, उपअभियंता हिमांशु कावड़े, अखिलेश गुप्ता, उमयंती ठाकुर, डिगेश्वरी चंद्राकर, नितीन अमन साहू, गोपाल सिन्हा, प्रभारी स्वास्थ्य निरीक्षक बृजेन्द्र परिहार आदि उपस्थित थे। निगम क्षेत्र में आरक्षित जमीन को सुरक्षित रखने फैसिंग किया जाएगा। आयुक्त ने निर्देश दिए है कि खाली जमीन को पहले तलाश करे आवश्यकता पड़ने पर पटवारी व राजस्व निरीक्षक की मदद लेकर जमीन को कटीले तार से घेर कर निगम का बोर्ड लगाए।

करारी पराजय के बाद जनता से दूर हो गए हैं रमन : राजेंद्र

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ के आम आदमी का जीवन कष्टदायक होने के बयान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राजेंद्र साहू ने चुटकी ली है। राजेंद्र ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का बयान हास्यास्पद है। सच ये है कि भूपेश सरकार ने पिछले 32 माह के कार्यकाल में छत्तीसगढ़वासियों के हित में कारगर फैसले किये हैं। राजीव गांधी न्याय योजनाए गोधन न्याय योजनाए समर्थन मूल्य पर अनाज और वनोपज की खरीदी और हाफ बिजली बिल जैसे फैसलों से छत्तीसगढ़ के लोगों को आर्थिक रूप से राहत मिली है। तंज कसते हुए सवाल किया है कि क्या डॉ रमन सिंह अपने 15 साल के भाजपा शासनकाल में आम जनता किसान, मजदूर सहित सभी छत्तीसगढ़वासियों की पीड़ा व्यक्त कर रहे हैं। भाजपा के 15 साल के राज में किसानों को नकली खाद और नकली बीज दिया जाता था। रमन सरकार ने किसानों को 2100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की कीमत और 300 रुपए प्रति क्विंटल बोनस से वंचित रखने का काम भी किया। अनुसूचित जनजाति परिवारों को जर्सी गाय देने का वादा करने के बाद भी रमन सिंह मुकर गए। उनके कार्यकाल में बेरोजगारी बढ़ी। आम जनता को मिलने वाली जरूरी सुविधाओं से वंचित रखा गया। राजेंद्र ने कहा कि खाद की कमी, वैक्सीन की कमी, आम आदमी का जीवन कष्टदायक होने जैसे मुद्दे उठाने वाले डॉ. रमन सिंह और भाजपा के सांसदों सहित सभी भाजपा नेता बताएं कि उन्होंने प्रदेश में खाद और वैक्सीन की कमी दूर करने के साथ ही राज्य सरकार के हिस्से की जीएसटी की राशि दिलाने केंद्रीय नेताओं को कितने बार पत्र लिखा है। राजेंद्र ने सवाल किया कि भाजपा नेताओं का प्रतिनिधिमंडल इन मांगों को लेकर क्या कभी केंद्रीय नेतृत्व से मिला है। सच ये है कि भाजपा के नेता बढ़ती महंगाई और बेरोजगारीए महिलाओं पर हो रहे अत्याचार सहित केंद्र सरकार की सारी विफलताओं को छुपाने के लिये ऊलजलूल बयानबाजी कर रहे हैं। राजेंद्र ने कहा कि गौठान योजना के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को रोजगार के अवसर देने और नरवा, गरूवा, घुरवा अऊ बारी योजना लागू कर गांवों को स्वावलंबी बनाने की ओर अग्रसर है। पिछले 32 माह में छत्तीसगढ़ के निवासियों की आय बढ़ी है। जनहित से जुड़े इन फैसलों से आम जनता को राहत मिली है। डॉ. रमन सिंह आम जनता से पूरी तरह कट गए हैं। इसीलिये उन्हें वास्तविक स्थिति का पता नहीं है। वे हवा.हवाई बयानबाजी कर रहे हैं।

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण के सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक शिवकुमार साहू आ. कृष्णकुमार साहू के आममुख्तयार लिक्थन वाल्टर आ. जान विलटन निवासी गुरुमुख सिंह नगर केनाल रोड रायपुर तह. व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया है कि उनके नाम पर ग्राम सावनी प.ह.न. 19 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1147, 1146 रकबा 0.08, 0.15 हे कुल रकबा 0.23 हे. दर्ज है। मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका हेतु आवेदन मय शपथ पत्र पुलिस रिपोर्ट, अनापत्ति प्रमाण पत्र के साथ इस न्यायालय में पेश किया है उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 19.07.2021 को स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है। बाद प्राप्त दावा/आपत्ति स्वीकार नही होगा।

आज दिनांक 01.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

आम-सूचना

मैं अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार जीनत अंसारी पति मोहम्मद सलमान अंसारी के विवाह पूर्व कुछ प्रमाण पत्रों और दस्तावेजो में कुमारी शालिनी पिता कुलविन्दर सिंह दर्ज है, जो कि पूर्व नाम है। यह कि मेरा पक्षकार अपने पूर्व नाम को सुधार कर विवाहोपरांत कुल नाम सहित जीनत अंसारी पति मोहम्मद सलमान अंसारी करना चाहती है। चूंकि मेरे पक्षकार का सही व नया नाम जीनत अंसारी पति मोहम्मद सलमान अंसारी है।

अतः इस आम सूचना को प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार को उनके सही नया नाम जीनत अंसारी पति मोहम्मद सलमान अंसारी से लिखा पढ़ा व जाना पहचाना जावेगा।

तदानुसार सूचना जाने।

स्थान- दुर्ग

दिनांक- 15.7.21

मुहर — पुरुषोत्तम सोनारे, अधिवक्ता, जिला न्यायालय दुर्ग, मो. नं. 8770158865

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000051
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000052
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
करुद प.ह.न. 00050 हे.)

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000052
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
करुद प.ह.न. 00050 हे.)

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

मा.क्रं. 202107101000032
विषयः अ-06 वर्ष 2020-21
कोहका प.ह.न. 00019 हे.)

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाई नगर (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400244

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रदीप सिंह आ. ...

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400253

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका तारा देवांगन पति ...

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400140

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रफुल्ल कुमार साहू ...

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400246

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका टिकेश्वरी साहू पति ...

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 202107100400125

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

... आज दिनांक 13.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-2/ 2020-21

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, धमधा जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-20(3) अ/ वर्ष 2020-21

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

नोटिस
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)

मैं अपने पक्षकार श्री शेख हकिउल उम्र 45 वर्ष आ शेख लुकमान निवासी 233 स्मृति नगर वार्ड क्रमांक 1 सुपेला से प्राप्त अधिकार व निर्देशों के धारा 138 निगोशिएबल एक्ट के तहत प्रमोद बिश्वाल पिता विदेशी बिश्वाल निवासी ब्लाक 11/1 सड़क नं. 8 सेक्टर- 4 भिलाई के विरुद्ध दिनांक 21.06.2021 को नोटिस प्रेषित कर 60,000/- रुपए (अक्षरी साठ हजार रुपए) की मांग की गई। किन्तु मौके पर ना मिलने से प्रकाशन के जरिए सूचित किया जाता है।

अतः इसे सूचना पत्र माने।

स्थान- दुर्ग

दिनांक- 15.7.21

मुहर — नरेन्द्र गुप्ता, अधिवक्ता, मो. नं. 9827495565

न्यूज गैलरी

अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड की खाली जगह में सब्जी वालों पर चालानी कार्रवाई गलत

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना काल में दूधाधारी मंदिर ट्रस्ट द्वारा श्री जय बालाजी विक्रेता संघ के सदस्यों को अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड के रिक्त स्थान पर सब्जी बेचने का कार्य किया जा रहा था। संघ की अध्यक्ष श्रीमती गुंजा सोनकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि सोनकर सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ नगर निगम क्रमांक-6 के जोन आयुक्त द्वारा आज सुबह बिना पूर्व सूचना के पुलिस बल के साथ निगम प्रशासन के सदस्यों ने सब्जी विक्रेताओं के खिलाफ सुबह 5.00 बजे 500 रूपये से लेकर 5000 रूपये तक का चालान काटा साथ ही निगम कर्मियों ने सब्जी विक्रेताओं के तौल तराजू बांट आदि को भी जब्ती बनाई। ज्ञातव्य है कि उक्त स्थान पर अधिकांश सब्जी विक्रेता रोज सब्जी बेचकर अपने घर का खर्च चलाते हैं। लॉकडाउन की वजह से पहले ही सब्जी विक्रेताओं की हालात खराब हो चुकी है। उक्त वसूली अनुचित है। संघ के सदस्यों ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर फुटकर सब्जी विक्रेताओं के लिए अन्यत्र स्थान आबंटित करने की मांग संबंधी ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन की प्रति दूधाधारी मठ के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास एवं रायपुर दक्षिण के विधायक वृजमोहन अग्रवाल को सौंपकर आयुक्त द्वारा की गई कार्रवाई का कड़ा विरोध किया है।

विधानसभा लोक लेखा समिति की बैठक 3 व 4 अगस्त को

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा की लोक लेखा समिति की बैठक 3 व 4 अगस्त को प्रस्तावित है। विधानसभा की वेबसाईट में दी जानकारी के अनुसार दोनों बैठकें सुबह 11 बजे विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में रखी गई है। बैठक में सभापति अजय चंद्राकर सहित सदस्यगण सत्यनारायण शर्मा, मोहन मरकाम, धनेन्द्र साहू, शैलेश पाण्डेय, प्रकाश शक्राजीत नायक, भुनेश्वर शोभाराम बघेल, डा. लक्ष्मी ध्रुव एवं शिवरतन शर्मा शामिल होंगे।

आई.सी.आई.सी.आई. बैंक अकादमी के सेल्स ऑफिसर के 40 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 19 जुलाई सोमवार को रोजगार कार्यालय पुराना पुलिस मुख्यालय परिसर, जी.ई. रोड, रायपुर में प्लेसमेंट कैम्प आयोजित होगा। कैम्प के माध्यम से निजी क्षेत्र के नियोजक आई.सी.आई.सी.आई. बैंक अकादमी. रायपुर द्वारा सेल्स ऑफिसर के 40 पदों पर स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की भर्ती की जानी है। उप संचालक रोजगार ने बताया कि उक्त पदों पर भर्ती हेतु योग्य एवं इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि 19 जुलाई को अपनी शैक्षणिक एवं तकनीकी शिक्षा तथा अनुभव प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपनी उपस्थिति दे सकते हैं। सोशल डिस्टेंटिंग का पालन करते हुए आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होंगे।

प्राकृतिक आपदा पीड़ितों को 36 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ितों को जिला कलेक्टर के माध्यम से अर्थिक अनुदान सहायता स्वीकृत की जाती है। कोरिया जिले में 8 और उत्तर बस्तर कांकेर में एक प्रकरण में 36 लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। राजस्व पुस्तर परिपत्र 6-4 के तहत कोरिया जिले की मनेन्द्रगढ़ तहसील के ग्राम नारायणपुर के धर्मपाल की मृत्यु पानी में डूबने से हो जाने के कारण परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। बैकुंठपुर तहसील के ग्राम तिलवनडांड के बजरंगी, ग्राम शिवपुर की गीता सिंह, ग्राम टेंगनी के रामेश्वर, टेमरीग्राम के अनिल और रामबाई और ग्राम रकेया के महेश की पानी में डूबने से तथा शिवपुर ग्राम की फुलेश्वरी की सांप के काटने से मृत्यु हो जाने के कारण मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक् सहायता स्वीकृत की गई है। कांकेर जिले की तहसील भानुप्रतापपुर के ग्राम जातावाड़ा के जितेन्द्र कुमार की सर्प के काटने से मृत्यु होने के कारण उनके परिजनों को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

बैंक कर्मियों का बैंक बचाओ देश बचाओ आंदोलन देश की आम जनता का आंदोलन

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने बैंक कर्मियों और अधिकारियों के आंदोलन का समर्थन करते हुये कहा है कि बैंक बचाओ देश बचाओ अभियान केवल बैंक कर्मियों का आंदोलन नहीं है, यह तो देश की आम जनता का आंदोलन है। देश के सार्वजनिक क्षेत्र को निजी हाथों में सौंपने के सरकार के इरादों को रोकने व सही निर्णय लेने के लिए अपनी आवाज शीर्ष स्तर तक पहुंचाने का प्रयास है। यह निर्विवाद सत्य है कि सरकारी बैंको का 'निजीकरण' व्यवस्था नहीं बल्कि पुनः 'रियासतीकरण' है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि वर्ष 1969 में जहाँ से चले थे आज मोदी सरकार उसी दिशा में वापिस जा रही हैं जिसके परिणाम बेहद गम्भीर होंगे। सिर्फ देश के हितों के विरुद्ध लाभ और मुनाफे की विशुद्ध वैचारिक सोच है। जब सारे सरकारी संस्थान निजी हाथों में होंगे तो क्या होगा? जब सार्वजनिक बैंक निजी हाथों में होंगे, बैंकों के लूट के लिए जिम्मेवार घराने जब बैंकों के मालिक बन जाएंगे तो सस्ती व ग्रामीण बैंकिंग सेवाओं का क्या होगा?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि राष्ट्रीय बैंको के लगातार निजीकरण से बढ़ रहे है घोटालें, बैंक बचाओं देश बचाओं केवल बैंक कर्मियों का नहीं जनांदोलन। इंदिरा जी ने बैंको का राष्ट्रीयकरण कर देश के विकास में बैंक की बड़ी भूमिका सुनिश्चित की। मोदी सरकार द्वारा बैंको के अंधाधुध निजीकरण से देश को नुकसान हो रहा है। देश के लोगो को साहूकारो के चुंगल से निकालने और सभी को बैंकिग सुविधा देने के उदेश्य से 19 जुलाई 1969 को भारत की प्रधानमंत्री इंदिरागांधी ने भारतीय बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया था। सही मायने मे यह देश के लिये आर्थिक स्वतंत्रता थी क्योंकि इससे पहले निजी बैंकों के नियमित रूप से दिवालिया होने का काम चलता था और लोगों को अपनी मेहनत की कमाई गंवानी पड़ती थी।

पढ़ई तुंहर दुआर: विद्यार्थियों की पढ़ाई कैसे होगी, जाने एक्सपर्ट ने क्या कहा?

रायपुर/नवप्रदेश। पढ़ई तुंहर दुआर कार्यक्रम के अंतर्गत पारा मोहल्ला क्लास द्वारा बच्चों का आकलन शिक्षा सत्र में तीन बार बेस लाइन, मिड लाइन और एण्ड लाइन में होगा। बेस लाइन में सेतु पाठ्यक्रम के द्वारा पढ़ाई, मिड लाइन और एण्ड लाइन में पाठ्यपुस्कत के पाठ्यक्रम द्वारा बच्चों की पढ़ाई होगी। बच्चों में सिखने का स्तर ग्रेडिंग के माध्यम से पता लगाया जाएगा कि बच्चा कौन से स्तर का है। बच्चे के स्तर के आधार पर उसे उपचारात्मक शिक्षा दी जाएगी। यह जानकारी राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् द्वारा राज्य स्तरीय वेबीनार के मोहल्ला कक्षा के संचालन सेतु अभियान एवं आकलन के संबंध में मार्गदर्शन देने के लिए आयोजित वेबिनार में दी गई।

विद्यार्थियों की रूचि पर ध्यान देंगे : डॉ.एम. सुधीश

मार्गदर्शन के लिए राज्य स्तरीय वेबीनार में शामिल एक्सपर्ट

समग्र शिक्षा के सहायक संचालक डॉ.एम. सुधीश ने कहा कि मोहल्ला क्लास के संचालन के लिए कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए प्रोटोकाल का पालन करते हुए क्लास शुरू करना है। बच्चों को कक्षा में नियमित आने के लिए उनका उत्साह बनाए रखें। मोहल्ला क्लास में पढ़ाने वाले शिक्षकों को बच्चों की रूचि पर विशेष ध्यान देना चाहिए।

सेतु पाठ्यक्रम सीखने की गति को करेगा तेज: डॉ. विद्यावती चन्द्राकर

एससीईआरटी की सहायक प्राध्यापक डॉ. विद्यावती चन्द्राकर ने बताया कि बच्चों की सीखने की गति जो धीमी या रूक गई है, इसके लिए कक्षा 1-8 तक सेतु पाठ्यक्रम बनाया गया है। उन्होंने इस संबंध में सीखने के प्रतिफल के बारे में जानकारी दी।

3 बार में विद्यार्थियों का करेंगे आकलन : विद्या डांग

व्याख्याता एससीईआरटी विद्या डांगे ने आकलन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पारा, मोहल्ला क्लास द्वारा बच्चों का आकलन करना होगा। यह पूरे सत्र में 3 बार होगा। यह आकलन बेस लाइन, मिड लाइन और एण्ड लाइन होगा। बेस लाइन में सेतु पाठ्यक्रम के द्वारा पढ़ाना, मिड लाइन और एण्ड लाइन में पाठ्यपुस्तक के पाठ्यक्रम के द्वारा पढ़ाना होगा। आलकन के संबंध में बच्चों में दक्षताऐं प्राप्त कर सकते है। बच्चों में सिखने का स्तर ग्रेडिंग के माध्यम से पता लगाया जा सकता है कि बच्चा कौन से स्तर का है। निम्न स्तर के बच्चों को उपचारात्मक शिक्षा देने का प्रयास करना चाहिए।

एक्सपर्ट शिक्षकों ने ये कहा-
32 मोहल्ला क्लास में 6 लाख बच्चे : योगेश शिवहरे

वेबिनार में एससीआरटी के अतिरिक्ति संचालक योगेश शिवहरे सेतु पाठ्यक्रम पर चर्चा करते हुए कहा कि मोहल्ला क्लास एक बेहतर उपाय है। इसमें बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति कि जानकारी ले सकते है। ऑनलाइन कक्षा समय-सारणी के अनुरूप होनी चाहिए। कक्षा 1-8 के बच्चों के लिये सेतु अभियान के माध्यम से बच्चों को इसी माह 30 दिवस में पूर्व ज्ञान दिया जाना अनिवार्य है। उन्होंने आकलन का अभिलेख सुरक्षित रखने पर जोर देते हुए कहा कि आकलन के अंकों को पोर्टल में दर्ज भी करना होगा। जो बच्चे फेल हो उन्हें ग्रेड के आधार पर स्तर का आकलन करना है। वेबिनार में 32 हजार मोहल्ला क्लास बनाए गए, इससे 6 लाख बच्चे जुड़े।

कुछ अन्य एक्सपर्ट

उप संचालक एससीईआरटी उमेश साहू ने कहा कि सभी को धरातल से जुड़ कर मोहल्ला क्लास को आगे तक ले जाना है, तभी छत्तीसगढ़ शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा।

दुर्घटनाओं में घायलों के लिए एम्स में स्पेशल क्लीनिक

- ब्रेकियल प्लेक्शस और पेरिफेरल नर्व संबंधी विशेष इलाज संभव होगा
- सर्जरी प्रबंधन, काउंसलिंग और फिजिकल थैरेपी भी प्रदान की जाएगी
- एम्स के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में उपलब्ध हैं कई अत्याधुनिक सुविधाएं

एम्स में स्पेशल क्लीनिक के उद्घाटन समारोह में उपस्थित प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर और अन्य चिकित्सक।

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायपुर में सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर रूप से घायल रोगियों के लिए स्पेशल क्लीनिक बनाया गया है। यह क्लीनिक बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग द्वारा प्रत्येक गुरुवार को दोपहर दो से चार बजे तक संचालित किया जाएगा। इसमें प्रमुख रूप से ब्रेकियल प्लेक्शस और पेरिफेरल नर्व के रोगियों को विशेष उपचार प्रदान किया जाएगा। इसकी मदद से दुर्घटनाओं में घायलों को दोबारा सामान्य जीवन यापन में काफी मदद मिलेगी। प्रदेश में प्रतिवर्ष लगभग 10 हजार सड़क दुर्घटनाओं में गंभीर घायलों को इसका लाभ मिल सकेगा।

नेशनल प्लास्टिक सर्जरी दिवस पर विभाग में स्पेशल क्लीनिक का उद्घाटन करने के बाद निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने कहा कि ब्रेकियल प्लेक्शस शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा होता है जिसकी मदद से नर्व के सिग्नल दिमाग से शरीर के विभिन्न हिस्सों तक पहुंचते हैं। प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में इस प्रकार के रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। ज्यादातर दो पहिया वाहन चलाने वाले युवा वर्ग के रोगी होते हैं। एक बार दुर्घटना में यह भाग क्षतिग्रस्त होने से शरीर का ऊपरी भाग कार्य करना बंद कर देता है। छत्तीसगढ़ में प्रति वर्ष दस हजार से ज्यादा सड़क दुर्घटनाएं होती हैं जिन्हें समय पर उपचार न मिलने की वजह से रोगी शारीरिक रूप से अक्षम हो जाते हैं। स्पेशल क्लीनिक ऐसे रोगियों को उपचार प्रदान करेगा।

विभागाध्यक्ष जितेन कुमार मिश्रा ने कहा कि इस प्रकार के दुर्घटनाग्रस्त रोगियों को समयबद्ध तरीके से उपचार प्रदान किए जाने की आवश्यकता होती है। अभी तक इन रोगियों को अन्य प्रदेशों में इलाज के लिए भेजा जाता था मगर विशेष क्लीनिक में इनका उपचार संभव हो सकेगा। यहां सर्जरी के साथ काउंसलिंग और पुनर्वास की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। एम्स में एमआरआई और अल्ट्रासोनोग्राफी की सुविधा पूर्व से उपलब्ध है। अतः उपचार में कोई दिक्कत नहीं आएगी।

इस अवसर पर डीन प्रो. एस.पी. धनेरिया, उप-निदेशक (प्रशासन) अंशुमान गुप्ता, वित्तीय सलाहकार बी.के. अग्रवाल, प्रो. आलोक अग्रवाल, डॉ. शमेंद्र आनंद साहू और डॉ. मोमिता दे भी उपस्थित थी।

हस्तशिल्प प्रदर्शनी: तीन पीढ़ियों से समर्पित दाबू प्रिंट के कारीगर

- छत्तीसगढ़ हाट परिसर में 16 दिवसीय डब्बू महोत्सव का शुभांरभ

रायपुर/नवप्रदेश। पंडरी के छत्तीसगढ़ हाट परिसर में दाबू प्रिंट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। मध्य प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम के मृगनयनी एम्पोरियम द्वारा 16 दिवसीय डब्बू महोत्सव का आयोजन किया गया।

दाबू प्रिन्ट के वस्त्र शिल्पकार महेश झरिया निवासी तारापुर, जिला नीमच (म.प्र.) से आए है। वे अपने साथ हस्त छापे से सिंबोरी प्रिन्ट, वारली पिंन्ट, इंण्डिगो एवं अलिजरीन प्रिन्ट, टी.सी प्रिन्ट एवं इंडिगो प्रिन्ट में तमाम परंपरागत डिजाईनों के वस्त्र को प्रदर्शित करने लाए है। इसमें डिजाईनर सूट्स, साडियां, चादरें, दुपट्टे, स्टोलस शामिल हैं।

मृगनयनी के सहायक प्रबंधक विजय देवांगन ने बताया कि मृगनयनी एम्पोरियम छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प बोर्ड के सहयोग से छत्तीसगढ़ हाट परिसर में स्थापित किया गया है। श्री झरिया का परिवार पिछले 3 पीढ़ियों से दाबू प्रिंट का काम कर रहा है।

लॉकडाउन के दौरान उनके पास नई डिजायनों पर काम करने के लिए काफी समय था। उन्होंने परंपरागत डिजायनों के साथ ही नई डिजायनों के सुंदर समन्वय से छपाई की है। यह प्रदर्शनी 31 जुलाई तक चलेगी। वर्तमान में खरीदी पर 30 प्रतिशत तक छूट दी जा रही है। यहां महेश्वरी, चंदेरी, सिल्क, दाबू, बाग, बटिक प्रिंट के वस्त्र भी उपलब्ध है।

रायपुर जिले में अब तक 339.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून सत्र के दौरान कल रायपुर जिले के सभी ओर हल्की-फुल्की बारिश हुई। औसत रूप से 4.4 मि.मी की बारिश कल दर्ज की गई। इस अब तक जिले में 339.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो 10 वर्षो की औाल बारिश का 115.8 प्रतिशत् है। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज रायपुर तहसील में 0.4 मि.मी, अभनपुर 3.3 मि.मी, गोबरा-नवापारा 16.6 मि.मी, तिल्दा 2.3 मि.मी और आरंग में 3.8 मि.मी वर्षा दर्ज की गई। इस तरह अब तक रायपुर तहसील में 425.4 मि.मी., आरंग तहसील में 186.8 मि.मी., अभनपुर में 291.9 मि.मी., गोबरा-नवापारा में 463.3, तिल्दा में 319.9, खरोरा में 351 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले में पिछले दस वर्षों में इस अवधि में औसत रूप से 293.9 मि.मी. वर्षा हुई थी।

पुलिस परिजनों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं

- संवेदनशीलता से होगा समस्याओं का समाधान : अवस्थी
- स्पंदन कार्यक्रम में डीजीपी ने सुनी पुलिस परिजनों की समस्या

रायपुर/नवप्रदेश। सर मेरे आरक्षक पति को हार्ट अटैक आने के बाद उनका ओपन हार्ट सर्जरी हुआ है। मैं स्टाफ नर्स हूं और सूरजपुर में पदस्थ हूं। पति की तवियत अभी भी खराब रहती है। उनका स्थानांतरण सूरजपुर हो जाये तो मैं उनका ध्यान रख पाऊंगी। स्पंदन कार्यक्रम में अपनी आप बीती बताते हुये प्रीतिका एक्का रो पड़ीं। डीजीपी श्री डीएम अवस्थी ने उनसे कहा कि आप परेशान ना हों। पुलिस परिजनों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। आपकी समस्या पर संवेदनशीलता से विचार कर समाधान किया जाएगा। बस्तर में पदस्थ एएसआई की पत्नी ने बताया कि उन्हें लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर है। वे कबीरधाम में रहती हैं। उनका ध्यान रखने के लिये घर में कोई नहीं है। पति का स्थानांतरण बस्तर से कबीरधाम कर दिया जाए। बीजापुर में पदस्थ आरक्षक की पत्नी ने बताया कि पति के बड़े भाई नक्सली हमले में शहीद हो गये थे। पति विगत 10 वर्ष से बीजापुर में पदस्थ हैं, परिवार कांकेर में रहता है। इसलिये कांकेर स्थानांतरण करने का कष्ट करें। कबीरधाम में पदस्थ एसआई ने बताया कि उनके पिता का देहांत हो चुका है बुजुर्ग मां का मेजर ऑपरेशन हुआ है। मां की देखभाल के लिये कुछ समय के लिये भिलाई स्थानांतरित कर दिया जाए।

डेयरी को प्रोत्साहित: विशेष वर्ग को मिलेगा दो तिहाई का अनुदान

- चालू वित्तीय वर्ष में 950 हितग्राहियों को लाभान्वित का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में डेयरी व्यवसाय को प्रोत्साहित करने तथा स्व-रोजगार में वृद्धि के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना का संचालन राज्य भर में किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत दो पशुओं की इकाई लागत 1 लाख 40 हजार रूपए की राशि पर सामान्य प्रवर्ग के हितग्राहियों को 50 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के हितग्राहियों को 66.6 प्रतिशत की दर से अनुदान दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 में इस योजनांतर्गत 950 हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। जिनमें से 200 हितग्राही अनुसूचित जनजाति वर्ग के तथा 168 हितग्राही अनुसूचित जाति वर्ग के रहेंगे। योजना के तहत वर्ष 2020-21 में राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत 310 अनुसूचित जनजाति एवं 36 अनुसूचित जाति सहित 527 हितग्राहियों द्वारा डेयरी इकाई स्थापना पर उन्हें 15 करोड़ 17 लाख रूपए का अनुदान दिया गया है।

इन्हें मिलेगा अनुदान का लाभ

हितग्राही छत्तीसगढ़ में कम से कम 5 वर्ष से निवास कर रहा हो।

भूमिहीन, लघु एवं सीमांत कृषक, गरीबी रेखा के नीचे के परिवार से हो।

दुग्ध सहकारी समिति के सदस्यों, दुग्ध संकलन मार्ग पर स्थित ग्रामों गौठान योजना अंतर्गत चिन्हित ग्रामों के पशुपालकों को।

महिला स्व-सहायता समूह के सदस्यों एवं पूर्व से दुग्ध उत्पादन में संलग्न परिवार को।

हितग्राही डेयरी इकाई की स्थापना बैंक ऋण के माध्यम से (बैंक लिकेज) या स्वयं की पूंजी (स्व-वित्तीय) से कर सकता है।

योजना से लाभ लेने के लिए इच्छुक हितग्राही निकटस्थ पशु चिकित्सा संस्था (पशु औषधालय, कृत्रिम गर्भधान उपकेंद्र, मुख्य ग्राम इकाई, पशु चिकित्सालय, कृत्रिम गर्भधान केंद्र, मुख्य ग्राम खण्ड) में निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए पशु चिकित्सा कार्यालय अथवा संस्था में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

राजनीति | **जनसंख्या नियत्रंण कानून : यूपी में समर्थन, छत्तीसगढ़ में असमर्थन...दोगली नीति?**

आरएसएस परिवार नियोजन के सबसे बड़े विरोधी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में जनसंख्या वृद्धि के लिए लागू कानून को रमन सिंह ने हटाया था। प्रदेश कांग्रेस के मुख्यप्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने ये आरोप लगाते हुए कहा कि परिवार नियोजन और दो बच्चों के लिए कानून बनाने की पैरोकार बने रमन सिंह बताए दो से अधिक बच्चों के लिए बनाए गए कानून को क्यो खत्म किया था?

1998 में अविभाजित मध्यप्रदेश की कांग्रेस सरकार ने जनसंख्या नियंत्रण के लिए स्थानीय निकायों शहरी और पंचायतों के लिए कानून बनाया था। दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्ति स्थानीय निकायों के लिए चुनाव लड़ने के लिए अपात्र थे। यह कानून छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद 2008 तक छत्तीसगढ़ में भी लागू था। भाजपा की रमन सरकार ने इस कानून को राज्य से हटाया था। आज रमन सिंह किस नैतिकता से योगी सरकार के द्वारा बनाये गए कानून के समर्थन में बयान दे रहे।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और आरएसएस परिवार नियोजन कार्यक्रम के सबसे बड़े विरोधी है। उत्तरप्रदेश में भाजपा की योगी सरकार द्वारा दो से अधिक बच्चों वालो के लिए अनेक कानूनी बंदिशें लगाने पर देश के हिन्दू भाजपा आरएसएस और विहिप से जानना चाहते है कि दशकों तक हिंदुओ को जनसंख्या बढ़ाने का आह्वान करने वाले लोग अचानक यू-टर्न क्यों ले लिये? विहिप के लोग घूम-घूमकर नारा देते थे 'बच्चे बढ़ाओ दुनिया पर छाओ, छोटा पड़ेगा हिंदुस्तान खाली करा लेंगे पाकिस्तान' उनके नारों से प्रेरणा लेकर जो हिन्दू अपना परिवार बढ़ा लिए है उनके लिए भाजपा का अब क्या कहना है?

साक्षी महाराज के आह्वान का अब क्या होगा?

भाजपा के बड़े नेता साक्षी महाराज जैसे लोग जो लगातार हिंदुओ को बच्चे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते थे उनका यूपी सरकार के जनसंख्या संबंधी इस कानून पर क्या रुख है? पहले बच्चे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना फिर इसके खिलाफ कानून बनाना क्या देश के हिंदुओं के साथ भाजपा का धोखा नही है?

संसद में बनाने का साहस क्यों नही दिखा रही

उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरू से जनसंख्या नियंत्रण की पक्षधर रही है। हम दो हमारे दो का नारा कांग्रेस की सरकार ने ही दिया था। भारतीय जनता पार्टी का जनसंख्या नियंत्रण के लिए बनाया जाने वाले कानून के पीछे भाजपा की बदनीयती झलक रही। जनसंख्या वृद्धि किसी एक राज्य की समस्या नहीं, राष्ट्रीय समस्या है केंद्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली सरकार है। भाजपा जनसंख्या नियंत्रण पर जो कानून यूपी में बनाने जा रही उसे संसद में बनाने का साहस क्यों नही दिखा रही?

क्या जनसंख्या नियंत्रण पूरे देश के लिए जरूरी नही है। यूपी चुनाव के लिए इस प्रकार का कानून बनाने की नौटंकी कर भाजपा योगी और मोदी सरकार की नाकामियों से जनता का ध्यान हटाना चाह रही।

संपादकीय

मुफ्तखोरी को बढ़ावा देना अनुचित

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, उतराखंड और गोवा में अगले साल विधानसभा चुनाव होने जा रहे है। इन चुनावों में ताल ठोकने के लिए सभी राजनीतिक दलों ने कमर कसना शुरू कर दिया है और सियासी बिसात पर अपनी अपनी चालें चलना प्रारंभ कर दिया है। गठबंधन बनाने की कवायद भी की जा रही है। इस तरह की राजनीतिक हलचलों के बीच कुछ पार्टियों थोक के भाव में वोट कबाड़ने के लिए मतदाताओं को प्रलोभन परोसने की तैयारी कर रही है जिसमें सबसे आगे है आम आमदी पार्टी। जिसने नई दिल्ली में मुफ्त पानी और मुफ्त बिजली का वादा कर के प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने में सफलता अर्जित की थी। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अब यही फार्मूला देश के अन्य राज्यों में भी लागू करने की कवायद कर रहे है। उन्होने अपने पंजाब दौरे के दौरान वहां के लोगों से आव्हान किया है कि वे आम आदमी पार्टी की सरकार बनाएं और 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त पाएं। यही बात उन्होने उतराखंड और उत्तर प्रदेश के बाद गोवा में भी कही है। जाहिर है मुफ्त की चीजें हर किसी को अच्छी लगतर है, इसके पहले भी अनेक राजनीतिक पार्टियों ने अपने घोषणा पत्रों में मुफ्त अनाज, मुफ्त नमक सहित अन्य कई चीजें मुफ्त में लोगों को उपलब्ध कराने की घोषणाएं की थी और इसके चलते उन्हे चुनाव में सफलता भी मिली थी। अब तो महिलओं को बसों और ट्रेनों में मुफ्त यात्रा सुविधा उपलब्ध करान के वादे भी किए जा रहे है। इस तरह की मुफ्तखोरी को बढ़ावा देना लोकतंत्र के हित में नहीं है, यह सीधे-सीधे गरीबों और जरूरतमंदों के वोट को खरीदने के समान है। इस पर चुनाव आयोग को संज्ञान लेना चाहिए। आखिर इस तरह की मुफ्त सुविधाएं कोई भी पार्टी अपने पार्टी फंड से तो नहीं देती है। यह पैसा करदाताओं के गाढ़े खून पसीने की कमाई होता है जिसका उपयोग विकास कार्यो के लिए न कर के राजनीति पार्टियां अपना वोट बैंक बनाने के लिए करती रही है, अब इस पर रोक लगनी चाहिए। चुनाव अयोग को चाहिए कि वह इस बारे में स्पष्ट दिशा निर्देश जारी करें और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाली पार्टियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करें अन्यथा वह दिन दूर नहीं जब मतदाता खुद राजनीतिक पार्टियों के सामने मुफ्त की चीजों की सूचि रखेंगे और जो उन्हे जितनी ज्यादा मुफ्त चीजें व सुविधाएं उपलब्ध कराएगा उसे ही वोट करेंगे। बेहतर होगा कि ऐसी स्थिति आने से पहले चुनाव आयोग हरकत में आएं और मुफ्तखोरी को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक दलों पर डंडा चलाएं। सुप्रीम कोर्ट को भी इसमें दखल देना चाहिए तभी भारतीय लोकतंत्र वोटतंत्र में तब्दील होने से बच पाएगा।

महानतम टेनिस खिलाड़ी होने की राह पर जोकोविच

नीरज मनजीत

> बैकहैंड क्रॉसकोर्ट, डबल हैंडेड बैकहैंड, फ़ोरहैंड डाउन द लाइन, डीप वॉली या नज़ाक़त से लगाया गया ड्रॉप शॉट....गरज यह कि हर शॉट इतना मुक़म्मल कि देखनेवाले सम्मोहित हो जाएँ। उसके रिफ़्लेक्सेस भी बड़े लाजवाब हैं। प्रतिद्वंद्वी के मूवमेंट और उसकी रैकेट स्पीड से उसका दिमाग़ और जिस्म इस बात का पूर्वानुमान लगा लेता है कि बॉल कोर्ट में किस जगह, कितनी गति और उछाल से टिप्पा खाएगी। कोर्ट में उसके ख़ुद के मूवमेंट और उसका फ़ुटवर्क इतना बढ़िया है कि वह ज़्यादातर सही समय में बॉल वापस डालने स्थिति में होता है। इस वर्ष वह तीन ग्रैंड स्लैम--ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ़्रेंच ओपन और विम्बलडन--जीत चुका है। उसका मौजूदा फ़ॉर्म देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले माह वह चौथा और आख़िरी ग्रैंड स्लैम--यूएस ओपन--जीतने में भी क़ामयाब हो सकता है। और यदि वह यूएस ओपन के साथ टोकियो ओलिम्पिक में टेनिस का स्वर्ण पदक जीतकर कैलेंडर गोल्डन ग्रैंड स्लैम हासिल कर लेता है, तो निर्विवाद रूप से उसे सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ विजेता मान लिया जाएगा।

इस खिलाड़ी के दिमाग की नसों में तरल स्टील दौड़ता है। इसके अंदर इतना दमख़म है कि बिना थके दिनभर टेनिस खेल सकता है। टेनिस के लिए इस आदमी का लगाव इस हद तक है कि जनाब का बस चले तो रात को चारपाई डालकर टेनिस कोर्ट में ही सो जाए। यह आदमी दबाव में बिखरने के बजाए और निखर जाता है। तभी तो एक महीना पहले फ़्रेंच ओपन के फ़ाइनल में इसने पहले दो सेट्स में पिछड़ने के बावजूद ग्रीस के 22 वर्षीय स्टेफ़ानोस सिटसिपास को अगले तीनों सेट्स में हराकर इतिहास रच दिया था। तक़रीबन चार घण्टे चले मैच में नौजवान स्टेफ़ानोस चौथे पाँचवे सेट में अपना-आपा खोकर बार-बार झुँझला रहा था। लेकिन इस खिलाड़ी के चेहरे पर एक शिक़न तक नहीं थी, जिस्म में थकान का नामोनिशान नहीं था। इसीलिए कहा जाता है कि विजेताओं के जिस्म और दिलोदिमाग़ किसी दूसरे ग्रह से लाई गई मिट्टी से बने होते हैं।

सर्बिया के इस टेनिस खिलाड़ी का नाम है नोवाक जोकोविच। 11 जुलाई, रविवार को इसने विम्बलडन के फ़ाइनल में इटली के मैटियो बेरेटीनी को पराजित कर 20 वाँ ग्रैंड स्लैम हासिल किया है। 6 फ़ीट 7 इंच क़द के लंबे चौड़े मैटिओ में युद्धक टैंक जितनी ताक़त है और तक़रीबन 200 किमी की रफ़्तार के आसपास से आती उसकी सर्विस की प्रहारक क्षमता तोप के गोले से कम नहीं होती। वह पहला सेट जीतकर अपने मैडेन ग्रैंड स्लैम की तरफ़ बढ़ रहा था, लेकिन उसके रास्ते में जोकोविच का वह फ़ॉर्म था, जो पिछले पाँच वर्षों से टेनिस-चहेतों को आह्लादित कर रहा है।

नोवाक जोकोविच की सबसे बड़ी ताक़त हैं उसके सटीक रिटर्न शॉट्स। एक बार उसका रिटर्न शॉट सही पड़ गया, तो फिर वह अपने प्रतिद्वंद्वी को लंबी रैली में खींच ले जाता है और आख़िर सामने वाला या तो शॉट नेट पर दे मारता है या कोर्ट के बाहर। रोजर फ़ेडरर और राफ़ेल नडाल भी पॉवर सर्विस के लिए जाने जाते हैं। लेकिन इन्हीं रिटर्न शॉट्स की वजह से वह इन दोनों की

ताक़त को निस्तेज कर देता है। नोवाक का कैरियर रेकॉर्ड दोनों से बेहतर है। फ़िलहाल नडाल को क्ले कोर्ट का सबसे अच्छा खिलाड़ी कहा जाता है। पेरिस के लाल मिट्टी के कोर्ट पर 13 टाइटल जीतकर उसने यह बात साबित भी की है। पर पिछले महीने फ़्रेंच ओपन के सेमीफ़ाइनल में नडाल को मात देकर जोकोविच ने जता दिया है कि क्ले कोर्ट में वह नडाल से कम नहीं है। अपने स्थिर प्रदर्शनों की वजह से ही वह फ़ेडरर और नडाल के बराबर आ खड़ा हुआ है और अब उन्हें पीछे छोड़कर पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होने की राह पर है।

ऐसा नहीं है कि उसके पास सिर्फ़सटीक रिटर्न का सरमाया भर है। उसे टेनिस के हर शॉट में महारत हासिल है। बैकहैंड क्रॉसकोर्ट, डबल हैंडेड बैकहैंड, फ़ोरहैंड डाउन द लाइन, डीप वॉली या नज़ाक़त से लगाया गया ड्रॉप शॉट....गरज यह कि हर शॉट इतना मुक़म्मल कि देखनेवाले सम्मोहित हो जाएँ। उसके रिफ़्लेक्सेस भी बड़े लाजवाब हैं। प्रतिद्वंद्वी के मूवमेंट और उसकी रैकेट स्पीड से उसका दिमाग़ और जिस्म इस बात का पूर्वानुमान लगा लेता है कि बॉल कोर्ट में किस जगह, कितनी गति और उछाल से टिप्पा खाएगी। कोर्ट में उसके ख़ुद के मूवमेंट और उसका फ़ुटवर्क इतना बढ़िया है कि वह ज़्यादातर सही समय में बॉल वापस डालने स्थिति में होता है।

इस वर्ष वह तीन ग्रैंड स्लैम--ऑस्ट्रेलियन ओपन, फ़्रेंच ओपन और विम्बलडन--जीत चुका है। उसका मौजूदा फ़ॉर्म देखते हुए कहा जा सकता है कि अगले माह वह चौथा और आख़िरी ग्रैंड स्लैम--यूएस ओपन--जीतने में भी क़ामयाब हो सकता है। और यदि वह यूएस ओपन के साथ टोकियो ओलिम्पिक में टेनिस का स्वर्ण पदक जीतकर कैलेंडर गोल्डन ग्रैंड स्लैम हासिल कर लेता है, तो निर्विवाद रूप से उसे सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ विजेता मान लिया जाएगा। टेनिस के इतिहास में यह मक़ाम सिर्फ़ स्टेफ़ी ग्राफ़ ने हासिल किया है, जब उसने 1988 में वर्ष के चारों ग्रैंड स्लैम फ़तह करके सिओल ओलिम्पिक का गोल्ड जीतकर गोल्डन कैलेंडर ग्रैंड स्लैम पाया था।

जोकोविच कुछ माह पहले ही 34 वर्ष का हुआ है। जबकि फ़ेडरर 39 वर्ष का और नडाल 35 साल का है। ज़ाहिर है कि उम्र भी नोवाक के पक्ष में है। वह अभी चार पाँच साल और ग्रैंड स्लैम स्तर की टेनिस खेल सकता है। 14 ग्रैंड स्लैम जीत चुके पूर्व विजेता पीट सम्प्रास कहते हैं कि-÷ यदि नोवाक इस फ़ॉर्म का 70 फ़ीसदी भी अगले पाँच सालों तक जारी रख सका तो रिटायर होने तक अपनी झोली में 25 ग्रैंड स्लैम टाइटल डाल चुका होगा।÷ बोरिस बेकर और जॉर्न बोर्ग की राय भी यही है। जॉन मैकेनरो कहते हैं कि-÷नोवाक की मानसिक बुनावट और टेम्परामेंट अद्भुत है। वह कड़े प्रतिद्वंद्वियों के ख़िलाफ़ पिछड़ने के बावजूद बिल्कुल ठंडे दिमाग से खेलता है और मैच के नाज़ुक क्षणों में खेल का संतुलन बनाए रखता है।÷ पूर्व लीजेंड स्टेफ़ी ग्राफ़ मानती हैं कि- ÷आज के टेनिस में नोवाक सर्वाधिक कड़ा प्रतिद्वंद्वी है। वह एक-एक अंक के लिए कड़ी चुनौती पेश करता है और आख़िर अपने प्रतिद्वंद्वियों को ग़लती करने पर मजबूर कर देता है।÷ इस खिलाड़ी पर दुनियाभर में फैले उसके चाहनेवालों और टेनिस-चहेतों की नज़रें टिकी हुई हैं। निश्चय ही वह 25 ग्रैंड स्लैम हासिल करके ऑस्ट्रेलिया की मारग्रेट कोर्ट को पीछे छोड़ सकता है, जिसके नाम 24 ग्रैंड स्लैम ख़िताब हैं।

विचार

काला

अर्पणा अग्रवाल

काला ये जो रंग है कुछ विशेष रंग है। काला रंग जो है बहुत गहरा रंग है जैसा रंग है वैसे ही इसके गुण है। सबसे पहले तो ईश्वर ने दृष्टी जो दी है काला या गहरा रंग का ही होता है अपवाद सब में होते है। इन गहरी काली आँखो से हम पूरी दुनिया को देखते है। नौ अवतार में से राम और कृष्ण के अवतार काले या सावले है भले ही हम इसे श्याम रंग कह देते है। बाकी दछिणभारत मे लोग के साथ -साथ भगवान और मन्दिर भी काले नजर आएगे।

मुझे ऐसा लगता है कि भगवान का इस रंग में अवतार लेकर ये बताना चाह रहे थे कि ये बहुत गहरा और त्याग का प्रतीक है।आप राम और कृष्ण के पूरे जीवन पर नजर डालेगे तो केवल त्याग ही त्याग नजर आएगा। अगर प्रकृति पर नजर डाले तो समुद्र और आसमान काला या नीला दिखाई देता है। जब प्रकृति ने इस रंग को इतनी गहराई से देख रहा है वही हम इन्सान इस रंग का कोई व्यक्ति नजर आए तो हमारी दृष्टिकोण ही बदल जाती है। काले रंग के किसी स्त्री या पुरुष को देख हम उसके बारे में बीना सोचे समझे एक धारणा बनाना शुरू कर देते है।यह धारणा कहां तक सही है। रंग से व्यक्तियों की विशेषताओ को नही पहचाना जा सकता। शादियो मे भी रंग को ही मापदंड माना जाता है। सब सोच बदल रही है तो जरा इस सोच में भी परिवर्तन आए हालाकि बहुत परिवर्तन आया है। लेकिन रंग को लेकर आज भी परिवर्तन कम है। ये दोनो के लिए (यानि लडका और लडकी)के लिए सोचने वाली बात है। काला रंग सब को अपने समा लेता है। वैसे ही अगर मन काला मन काला कहने का तात्पर्य यह है की मन गहरा और सब कुछ अपनी गहराईयों मे रखे और काला जैसे त्याग और बलिदान का प्रतीक बन जाएगा। काला रंग पर कोई और रंग नही चढता। यही इसकी विशेषता है। इसी विशेषता को अपनाकर आप भी अपने जीवन मे आगे बढीए।

टेक ज्ञान-

Tecno Camon 17 और 17 Pro स्मार्टफोन हुए लॉन्च

नई दिल्ली। टेक्नो ने भारत में अपने स्मार्टफोन्स की रेंज को बढ़ाते हुए दो नए स्मार्टफोन Tecno Camon 17 और Tecno Camon 17 Pro को लॉन्च कर दिया है। कैमन 17 को कंपनी ने 6जीबी रैम+128जीबी इंटरनल स्टोरेज वेरियंट में लॉन्च किया है।

हमारा एक नगीना छिन गया

कीर्ति आजाद

> सन 1983 की टीम के सभी सदस्य अभी 25 जून को ही एक किताब के लोकार्पण पर जुटे थे। सब स्वस्थ थे, खुद यशपाल एकदम फिट। 24-25 जून को हम साथ रहे। नाश्ता, खाना हमने साथ-साथ किया था। वहां यशपाल शर्मा ने कहा था- कीर्ति, बड़े फिट लग रहे हो, ऐसे ही रहो। वजन कम किया है, तो अब बढ़ने मत देना। अब खुद फिट रहने वाला फिटनेस का बड़ा पैरोकार चला गया है, विश्वास नहीं होता। फिल्म आने वाली है 1983 की विजय पर। उसके बारे में यशपाल शर्मा ने कहा था, हम फिल्म साथ देखेंगे, मजा आएगा। वह अक्सर हमारी टीम के बारे में कहते थे, जैसे आटा-पानी गूंद दिया जाता है, वैसे ही हम हैं। हम कभी अलग नहीं हो सकते। तय हुआ था, तय है, 15 अगस्त को हमारी टीम फिर मिलेगी, लेकिन वहां यशपाल नहीं होंगे।

1983 विश्व कप खेलने जब हमारी टीम गई, तो लोगों को विश्वास नहीं था कि हम क्रिकेट विश्व कप जीत सकते हैं। उसके पहले जो विश्व कप हुए थे, उनमें हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं था। हमारा क्रिकेट में कोई नाम नहीं था। हम 1983 में पहला मैच वेस्ट इंडीज के खिलाफ खेले थे। वह विश्व की सबसे ताकतवर, लगातार दो बार विश्व कप जीतने वाली टीम थी। एक से एक दिग्गज बल्लेबाज और दुनिया के चार सबसे तेज गेंदबाज माइकल होल्डिंग, एंडी रोबर्ट, मैल्कम मार्शल, जोएल गार्नर टीम में थे। हम नए खिलाड़ियों की धुकधुकी छूट रही थी कि हमारा क्या होगा? और वैसे माहौल में यशपाल शर्मा ने 89 रनों (120 गेंद) की जबरदस्त पारी खेली। हमने 262 रन बनाए। हम वह मैच 34 रनों से जीत गए और यशपाल शर्मा 'प्लेयर ऑफ द मैच' घोषित हुए। यशपाल शर्मा की इसी पारी ने विश्व कप में हमारे प्रदर्शन की नींव रख दी थी। मन में पहली बार विश्वास पैदा हुआ था कि विश्व की सबसे तगड़ी टीम का हम मुकाबला कर सकते हैं। हम जब सेमीफाइनल में क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध खेल रहे थे, वहां भी यशपाल शर्मा ने सर्वाधिक 40 रन बनाए थे और सेमीफाइनल में तो उनके 61 रन सबसे खास थे। उनका एक शॉट तो मैं भूल नहीं सकता। वह ऑफ स्टंप की ओर गए और गेंद को फ्लिक किया स्क्वॉयरलेग के ऊपर और गेंद स्टेडियम के बाहर रेल की पटरियों पर जा पड़ी। अब केवल यादें ही रह गई हैं।

यशपाल बिल्कुल शाकाहारी थे, जिंदगी में कभी शराब का सेवन नहीं किया। विदेश में जब हम लोग जाते हैं, तो हमें ज्यादातर मांसाहारी भोजन मिलता है, लेकिन यशपाल शर्मा के पास गरम-गरम मसालेदार शाकाहारी खाना कहीं न कहीं से पहुंच ही जाता था। वह अपनी पूरी सोच क्रिकेट में लगाए रखते थे। आज सब कहते हैं, रवींद्र जडेजा जब हाथ में बॉल पकड़ते हैं, तो सीधे विकेट पर मारते हैं, लेकिन हमारे समय में यही काम यशपाल शर्मा लगातार करते थे। सेमीफाइनल में जब इंग्लैंड के दो विकेट पर 92 रन थे, तब एलन लैंब को उन्होंने दूर से ही सीधे गेंद फेंककर रन आउट किया था। उस विकेट के बाद मोहिंदर अमरनाथ ने दो विकेट लिए और इयान बॉथम को मैंने बोल्ड कर दिया,

प्रतिद्वंद्वी टीम सिमट गई। मतलब, उस रनआउट ने मैच का रुख बदल दिया था।

उनके स्वभाव की बात करें, तो कई बार यह समझ में नहीं आता था कि वह मजाक कर रहे हैं या गंभीर हैं। हम विदेश में थे, वहां कौआ दिख गया, तो उन्होंने कहा, यहां भी कौए काले हैं? अचानक वहां छोटे-छोटे बच्चे आ गए, तो कहा- देखो, यहां छोटे-छोटे बच्चे भी अंग्रेजी में बात करते हैं? यशपाल के बात करने का तरीका ही अलग था, सुखद आश्चर्य में डाल देते थे। आज उनकी कई ऐसी बातें मन में उमड़ रही हैं। बहुत मजबूत बल्लेबाज थे, टिककर खेलते थे। नॉर्थ जोन के लिए जब हम साथ खेलने लगे, तब वह हमें बताते थे कि स्ट्रोक्स तो मैं कभी भी खेल सकता हूं, लेकिन जैसा मुझे कहा जाता है, मैं वैसा खेलता हूं। वह टीम के बहुत अनुशासित खिलाड़ी थे। आज के युवा क्रिकेटरों को उनसे सीखना चाहिए। जब भी टेस्ट क्रिकेट खेलते हैं, तो किस प्रकार से अपना विकेट बचाना है। जब विकेट पर टिकना सीखेंगे, तभी लंबी पारियां खेल सकते हैं। जब कभी टीम को आक्रामक बल्लेबाजी की जरूरत हो, तब वह बखूबी खेलते थे। इंग्लैंड के खिलाफ गुंडप्पा विश्वनाथ के साथ 316 रन की उनकी साझेदारी को कौन भूल सकता है!

मैं उनके परिवार से मिलने गया था। जिस दिन वह दुनिया से विदा हुए, उस दिन दिल्ली में बहुत दिनों बाद बारिश हुई थी, उन्होंने कहा कि आज मैं टहलने नहीं जाऊंगा। घर पर ही रुकूंगा। इतना बोलने के बाद एक-दो मिनट ही बीते होंगे, उन्होंने एक लंबी सांस ली और दुनिया को अलविदा कह दिया। क्रिकेट की भाषा में हम बात करें, तो कहा जा सकता है कि कोई बल्लेबाज हवा में गेंद खेलता है, तो कुछ देर गेंद हवा में रहती है और चांस होता है कि कैच ड्रॉप हो जाए, क्षेत्ररक्षक लड़खड़ा जाए और बल्लेबाज को मौका मिल जाए। रनआउट की स्थिति होती है, तो कोई एक छोर से दूसरी छोर पर भागता है और क्षेत्ररक्षक विकेट पर गेंद फेंकता है, तो चांस की बात है, गेंद विकेट पर लगे, न लगे। मौका होता है बचने का, लेकिन यशपाल शर्मा ने जिंदगी में कभी दूसरा मौका नहीं देखा। पहले मौके पर ही काम किया और जिंदगी से जाते हुए भी उन्होंने किसी को मौका नहीं दिया। सीधे चल दिए। अगर कुछ वक्त मिलता, तो शायद उन्हें बचा सकने की गुंजाइश होती। हमारा एक नगीना, परिवार का हिस्सा छिन गया। हम 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेताओं का एक वाट्सएप ग्रुप है, सब खूब बातें करते हैं, हंसी-मजाक करते हैं, लेकिन जब मैंने वाट्सएप पर यशपाल शर्मा के बारे में संदेश डाला, तो किसी को विश्वास नहीं हुआ कि टीम का सबसे चुस्त-दुरुस्त सदस्य ऐसे चला जाएगा। वह हमारी टीम के मध्य क्रम की रीढ़ थे। उस शाम मैं उनके घर गया। शाम को हमारे कप्तान रहे कपिल देव भी काम छोड़कर मुंबई से भागे-भागे आए थे और यशपाल शर्मा के परिवार को विश्वास दिला रहे थे कि 1983 की वह पूरी टीम आज भी उनके साथ है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

यूं मोहब्बत में हमसे

यूं मोहब्बत में हमसे इबादत हुई वो इंसान था और खुदा हो गया। रूह छूने का उसमें हुनर आ गया जमी पर वो सबसे जुदा हो गया। इतनी शिद्दत से उसको पुकारा है के नाम निकला लबों से दुआ हो गया। इस कदर मेरें दिल में समाया है वो हम भी हैरान है के ये क्या हो गया । हर घडी मुझको उसकी जरुरत है यूं जैसे हर मर्ज की वो दवा हो गया। उसकी तारीफमें और क्या मैं कहूं जब से आंखों में देखा नशा हो गया।

– पावनी दिक्षित जानिब

ज़िंदगी तब तक जब

ज़िंदगी तब तक जब तक है सांसों की डोर कलियाँ बाग की फूल बनकर मुस्कुराई महकने लगी वादियाँ चाँद आसमां पर धरती पर बिखरी श्वेत धवल चाँदनी शोर करती है जीने नहीं देती चैन से ख़ामोशी।

– रश्मि सक्सेना

ख़ास पाती | दो लोगो के बीच पर्वत नही

दो लोगो के बीच पर्वत नही आ सकतेपर्वत पार किये जा सकते है दो लोगो को खाइयाँ नही रोक सकती उन पर पुल बनाए जा सकते है दो लोगो के बीच सागर भी नही आ सकता नावे सागर तार सकती है। दो लोगो के बीच मृत्यु की भी कोई महत्ता नही क्योकि स्मृतियां शाश्वत होती है। दो लोगो के बीच ना आ सकता है भ्रम भ्रम का निवारण संवाद है। दो लोगो के बीच यदि कुछ आ ही सकता है तो वो है निराशा।आवश्य ही सम्बन्धो से निराशा सम्बंधो की शाश्वत मृत्यु है।

– कुलदीप वर्मा

बारहा दिल वहीं लिए चलता

बारहा दिल वहीं लिए चलता है। ख़्वाब पलकों में सिए चलता है हाथ खाली पेट भरा है उसका नेता है, वादे ही किए चलता है उसका चेहरा याद करूँ तो हर आदमी मुस्कान दिए चलता है उधेड़ दिए सब नाखून ही उसने वोटर है, ज़ख़्म सिए चलता है उसकी मुस्कराहट के मुतासिर हैं कई बीते हुए दिन जो जिए चलता है झुक के मिलता है सबसे इन दिनों वो आदमी कमाल किए चलता है उसका बस मुझसे नहीं है राब्ता समझिए, कुछ मक़सद लिए चलता है।

– शिवानी जयपुर

कुछ है यहाँ पोस्ट बड़े अच्छे

कुछ है यहाँ पोस्ट बड़े अच्छे अच्छे करेंगी आध्यात्मिक, प्रेम, संस्कृति फलाना ढिमका कितनी अच्छी छवि बना रखी हैं, खुद की,, लेकिन दुसरो के पोस्ट में जाकर द्विअर्थी और बेकार कमेंट करके पता नही क्या जताना चाहती हैं खुद को,,बहन पहले डिसाइड कर लो इधर करने क्या आई हो या कोई फ्रस्टेशन है अंदर।

-निशा रावल

बिना विध्वंश के संभव नहीं

बिना विध्वंश के संभव नहीं निर्माण का होना। असंभव है बिना रे ज्ञान के निर्वाण का होना। बिना ठोकर यहाँ इंसान ने सीखा कहाँ अब तक- आवश्यक है बड़ा पथ में अमित पाषाण का होना।

– अमित शिवकुमार दुबे

न दुखड़े अपने तू जमाने को

न दुखड़े अपने तू जमाने को सुनाया कर गमजदा लोगों को तू ऐसे न सताया कर वे ख्वाबों में जी कर ही खुश हैं मसीहा उन्हें जमाने की हक़ीक़त न बताया कर।

– केदार नाथ शब्द मसीहा

नहीं कोई पहचान हमारी होती

नहीं कोई पहचान हमारी होती फिर भी एक मक़ाम फ़िज़ा में होता है रूह से रूह तक पैगाम जहाँ में होता है यूँ तो फैले हुए होते हैं तसब्बर कई आँखों में पर ये मिलते हैं वहीं पे जहाँ इनका अंजाम लिखा होता है

– मधुलिका शुक्ला

जब जब जनता ने

जब जब जनता ने सरकार के खिलाफहाथ बढ़ाएं हाथ कटवा दिए गए जब जब जनता ने जीभ चलाई जीभ भी कटवा दी गयी यह बात झूठ थी कि जनता सरकार हैं सरकार सरकार है सरकार कानून है और कानून सरकार हैं जिनके हाथ बहुत लंबे होते है जनता के हाथ मात्र वोट के लिए ही होते है।

– जालाराम चौधरी

QUIZ TIME

1) अनफिनिश्ड नामक पुस्तक किससे संबंधित है?
2) विश्व जल संरक्षण दिवस कब मनाया जाता है?
3) एक अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन, जो प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली स्थापित करने वाली औद्योगिक इकाइयों को दिया जाता है-
4) हाल ही में मध्यप्रदेश में किस संस्थान या संगठन के द्वारा वेल बीइंग एंड इम्यूनिटी कोविड केयर कार्यक्रम संचालित किया गया?
5) दलाईलामा तिब्बत के किस बुद्ध सम्प्रदाय से संबंधित है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) प्रियंका चोपड़ा (2) 22 मार्च (3) आईएसओ. 14001 (4) आर्ट ऑफ लिविंग (5) गेलुगा सम्प्रदाय

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1661: स्वी?डिश बैंक ने यूरोप में पहला नोट जारी किया। 1779: जनरल एंथोनी वेन की अगुआई वाली अमेरिका की सेना ब्रिटिश सैनिकों से स्टॉनी पॉइंट पर कब्जा कर लिया। 1790: अमेरिकी कांग्रेस ने कोलंबिया की स्थापना की। 1798: अमेरिका में सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा विभाग बना। 1856: हिंदू विधवाओं के पुनर्विवाह को कानूनी मान्यता मिली। 1862: डेविड फर्रागुत अमेरिका की नौसेना में रियर एडमिरल के थेरेपी के लिए पदोन्नत होने वाले पहले व्यक्ति बने। 1894: जापान और इंग्लैंड ने आओकी-किम्बरली की संधि पर पर हस्ताक्षर किए। 1942: फ्रांस की राजधानी पेरिस में पुलिस ने 13,152 यहूदियों को गिरफ्तार किया। 1942: अमेरिका ने फिनलैंड के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किया। 1945: अमेरिका ने परमाणु बम का पहला परीक्षण किया। 1950: फुटबॉल विश्व कप के चौथे संस्करण के फाइनल में ब्राजील को हरा उरुगवे चैंपियन बना। 1951: एशिया का देश नेपाल, ब्रिटेन से स्वतंत्र हुआ। 1969: अपोलो-11 यान से चंद्रमा पर पहुंचने वाले बज एल्ड्रिन पहले व्यक्ति बने। 1981: भारत ने परमाणु परीक्षण किया। 1988: पडी एशडाउन ब्रिटेन में लिबरल डेमोक्रेट के नेता बने। 1990: फिलीपींस में 7.7 की तीव्रता के भूकंप में 400 लोगों की मौत। 1990: यूक्रेन ने स्वतंत्रता की घोषणा की। 1991: यूक्रेन ने अपना पहला स्वतंत्रता दिवस मनाया। 2007:जापान के निगाटा तट पर 6.8 तीव्रता के आए भूकंप आने से आठ लोगों की जानें गई और 800 लोग घायल हुए।

'सजन रे झूठ मत बोलो' में दक्षिण भारतीय सितारों के साथ नजर आयेंगे प्रदीप पांडेय चिंटू



मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के चॉकलेटी हीरो प्रदीप पांडेय चिंटू अपनी आने वाली फिल्म 'सजन रे झूठ मत बोलो' में दक्षिण भारतीय कलाकार सुनील और भूपाल के साथ नजर आयेंगे। प्रदीप पांडेय चिंटू अपनी आने वाली भोजपुरी फिल्म 'सजन रे झूठ मत बोलो, की शूटिंग हैदराबाद में कर रहे है। फिल्म के निर्माता नशिर जमाल है, जबकि निर्देशक प्रिमांशु सिंह है। इस फिल्म में प्रदीप पांडेय चिंटू,दक्षिण भारतीय कलाकार सुनील और भूपाल के साथ काम करते नजर आयेंगे। फिल्म अपने किरदार की चर्चा करते हुये चिंटू ने बताया, फिल्म में मेरा किरदार गांव के भोला-भाला लड़का का है। मेरे साथ फ़िल्म में अभिनेत्री हर्षिका पुनिचा की जोड़ी बनाई गई है। उम्मीद करता हूँ फिल्म दर्शकों को बेहद पसंद आयेगी।

सिद्धार्थ और कियारा की फिल्म 'शेरशाह' 12 अगस्त को होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सिद्धार्थ मल्होत्रा और अभिनेत्री कियारा आडवाणी की फिल्म शेरशाह 12 अगस्त को रिलीज होगी।

विष्णु वर्धन निर्देशित, धर्मा प्रोडक्शंस और काश एंटरटेनमेंट द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित, शेरशाह कारगिल युद्ध के हीरो, कैप्टन विक्रम बत्रा के जीवन पर आधारित है। फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा ??और कियारा आडवाणी मुख्य भूमिकाओं में हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेजॉन प्राइम वीडियो और धर्मा प्रोडक्शंस के सहयोग के साथ 'शेरशाह' का वैश्विक प्रीमियर 12 अगस्त को होगा।

फिल्म शेरशाह में सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी के अलावा शिव पंडित, राज अर्जुन, प्रणय पचौरी, हिमांशु अशोक मल्होत्रा, निकितिन धीर, अंकिता गोराया, अनिल चरणजीत, साहिल वैद, शताफ फिगार और पवन चोपड़ा भी अहम भूमिकाओं में हैं।



सलमान खान के साथ जोड़ी जमायेगी यामी गौतम!

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान और अभिनेत्री यामी गौतम की जोड़ी सिल्वर स्क्रीन पर साथ नजर आ सकती है। जाने माने निर्देशक राजकुमार गुप्ता , भारतीय जासूस रवींद्र कौशिक के जीवन पर आधारित फिल्म बनाने जा रहे हैं। रवीन्द्र कौशिक को ब्लैक टाइगर के नाम से जाना जाता है. साथ ही उन्हें भारत का अब तक का सबसे अच्छा जासूस माना जाता है। राजकुमार गुप्ता काफी समय से रवीन्द्र कौशिक की कहानी पर रिसर्च कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि राजकुमार गुप्ता ने यह कहानी सलमान खान को सुनाई, जिसके बाद सलमान इसे करने के लिए तैयार हो गए।चर्चा है कि इस फिल्म में सलमान खान के साथ यामी गौतम नजर आ सकती हैं।

कलाकारों की सुरक्षा के लिए इस मानसून सत्र में विधेयक लायेंगे रवि किशन

लखनऊ (वार्ता)। भोजपुरी सिनेमा के मेगास्टार और गोरखपुर के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद रवि किशन इस मानसून सत्र में कलाकारों की सुरक्षा के लिए विधेयक लाने वाले हैं। संसद का मानसून सत्र 19 जुलाई से शुरु होने वाला है। रवि किशन ने कहा कि कलाकार भी समाज के अभिन्न अंग हैं और देश की उन्नति में कलाकारों का योगदान भी अहम होता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हम मानसून सत्र में कलाकारों की सुरक्षा के लिए विधेयक लायेंगे। यह विधेयक हर विधा के कलाकार यानी अभिनेता, गायक, पेंटर, म्यूजिशियन, डांसर आदि के लिए होगा, जो कला से जुड़े हैं। रवि किशन ने कहा कि इस विधेयक में हर स्तर के कलाकारों को मेडिकल फेसिलिटी, सस्ते दर पर आवास, पेंशन और सरकारी संस्थानों में नौकरी का प्रावधान होगा। यह बिल कलाकारों को सरकार की ओर से एक सपोर्ट होगा, जिसके बाद उनका जीवन स्तर सुधरेगा। उन्होंने कहा कि श्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबको साथ लेकर चलने का काम कर रही है और उन्हें अपने देश के कलाकारों की भी चिंता है।मुझे लगता है कि अब श्री नरेंद्र मोदी जी के विकास की मुख्यधारा में कलाकारों को जोड़ने का सही वक्त है और इसके लिए यह विधेयक अच्छी पहल साबित होगी। आपको बता दें कि रवि किशन पूर्व में भी कलाकारों से जुड़ी समस्याओं को सदन के पटल पर उठाते रहे हैं।

न्यूज गैलरी

रुपया पांच पैसे मजबूत

मुंबई (वार्ता)। शेयर बाजार में जारी तेजी से विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ने की उम्मीद में गुरूवार को अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया पांच पैसे मजबूत होकर 74.54 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले दिवस रुपया 74.59 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज 11 पैसे की मजबूती के साथ 74.48 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 74.53 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 74.47 रुपये के उच्चतम स्तर के बीच रहा। इस दौरान शेयर बाजार भी लिवाली के बल पर नये रिकार्ड स्तर पर रहा। इससे देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। अंत में रुपया पिछले दिवस की तुलना में पांच पैसे की मजबूती लेकर 74.54 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

19.59 लाख करदाताओं को 38950 करोड़ के रिफंड जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने चालू वित्त वर्ष में 12 जुलाई तक 19.59 लाख करदाताओं को 38950 करोड़ रुपये रिफंड किये गये हैं। सीबीडीटी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि 1852540 मामलों में 11731 करोड़ रुपये के आयकर रिफंड किये गये हैं। इसी तरह से 106433 मामलों में 27220 करोड़ रुपये के कार्पोरेट कर रिफंड किये गये हैं।

एसी सर्विस तकनीशियन की भारी मांग आने की संभावना

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत में अभी करीब दो लाख एसी सर्विस तकनीशियन हैं लेकिन अगले 20 वर्षों में देश में कूलिंग की मांग में होने वाली आठ गुना वृद्धि के मद्देनजर सर्विस तकनीशियनों की मांग में उसी के अनुरूप बढ़ने की संभावना जतायी गयी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय जारी एक रिपोर्ट के अनुसार 20 सालों में भारत में कूलिंग की मांग 8 गुना बढ़ने का अनुमान है, इस दौरान सिर्फ इमारतों में कूलिंग की मांग 11 गुना बढ़ जाएगी। महामारी के चलते आज लोग ज़्यादातर समय घर पर ही बिता रहे हैं, ऐसे में एयर कंडीशनर की नियमित सर्विस और रखरखाव की ज़रूरत भी बढ़ गई है। इन सब कारकों के चलते एयर कंडीशन और रेफ्रीजरेशन क्षेत्र में कुशल तकनीशियन की मांग बढ़ रही है। एसी एवं कूलिंग विशेषज्ञों की बढ़ती मांग को पूरा करने और इस क्षेत्र में रोज़गार के अवसरों को बढ़ाने के लिए जॉनसन्स कंट्रोल्स- हिताची एयर कंडीशनिंग इंडिया लिमिटेड नवीनतम कौशल विकास पहलों पर निरंतर काम कर रहा है और तकनीशियनों को एसी रिपेयर एवं रखरखाव में

विश्वस्तरीय तकनिकी प्रशिक्षण दे रहा है। अपनी सीएसआर पहल के तहत कंपनी देश भर के युवाओं को विश्वस्तरीय प्रशिक्षकों एवं विशेष रूप से डिज़ाइन किए गए पाठ्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षण दे रही है। ये प्रशिक्षण आन्ध्र प्रदेश के 5 कौशल विकास केन्द्रों और गुजरात के 1 कौशल विकास केन्द्र में दिए जा रहे हैं। देश के चारों महानगरों में मौजूद अपने आधुनिक इंजीनियरिंग एक्सीलेन्स सेंटरों के ज़रिए कंपनी ने 2025 तक 50,000 से अधिक विश्वस्तरीय तकनीशियनों एवं कूलिंग विशेषज्ञों के निर्माण का लक्ष्य तय किया है। कोविड-19 महामारी के बीच एयर कंडीशनिंग एवं रेफ्रीजरेशन के क्षेत्र में कौशल विकास को सुनिश्चित करने के लिए कंपनी ने वर्चुअल स्किल-बिल्डिंग रूट को अपनाया है। कंपनी ने कौशल विकास के लिए वर्चुअल पाठ्यक्रम तैयार किया है और कौशल विकास केन्द्रों एवं आईटीआई संस्थानों में ऑनलाईन कक्षाओं का आयोजन कर रही है। बड़ी संख्या में ग्रामीण उम्मीदवार अपने घर बैठे मोबाइल फोन के ज़रिए इन कक्षाओं में हिस्सा लेते हैं, क्योंकि उनके पास लैपटॉप या कम्प्यूटर नहीं हैं। अब तक 1500 से अधिक छात्र इन ऑनलाईन कक्षाओं का लाभ उठा चुके हैं।

यूरोमनी अवाड्र्स 2021 में एचडीएफसी बैंक को 'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' चुना गया

मुंबई। एचडीएफसी बैंक को यूरोमनी अवाड्र्स फॉर एक्सिलेंस 2021 में' भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' चुना गया है। बैंक को यह प्रतिष्ठित सम्मान लगातार तीसरी बार मिला है। अपने एडिटोरियल में मैग्ज़ीन ने लिखा, ''एचडीएफसी बैंक ने दशकों से शानदार वृद्धि करते हुए बेहतरीन ट्रैक रिकॉर्ड बनाया है और क्रेडिट के मामले में कभी गलत कदम नहीं उठाया। इन कौशलों की महामारी के दौरान कड़ी परीक्षा हुई, जिसकी भारत में अनेक लहर चलीं और सबसे खराब स्थिति मई में देखने को मिली।''

ग्लोबल फाईनेंशल पब्लिशिंग उद्योग में अपनी तरह का यह प्रथम अवार्ड 1992 में शुरू किया गया। ये अवार्ड बाजार अंश एवं कस्टमर सैटिस्फैक्शन के आंकड़ों की वर्षभर चलने वाली मॉनिटरिंग पर आधारित हैं, जिन्हें उद्योग में यूरोमनी के अग्रणी सर्वे द्वारा संकलित किया जाता है। इसमें यूरोमनी की संपादकीय टीम द्वारा समीक्षा की गहन व त्रैमासिक प्रक्रिया का सहयोग मिलता है और चयनित प्रत्याशियों के फेस-टू-फेस इंटरव्यू के साथ इसका समापन होता है। यूरोमनी अवाड्र्स के पिछले 29 सालों में अस्तित्व में 1995 में स्थापित इस बैंक को 14 सालों तक'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' का प्रतिष्ठित खिताब मिल चुका है। इस साल यूरोमनी को अपने क्षेत्रीय एवं कंट्री अवाड्र्स प्रोग्राम के लिए बैंकों से रिकॉर्ड संख्या में आवेदन मिले। इस अवार्ड कार्यक्रम में 100 देशों में 50 से ज्यादा क्षेत्रीय अवार्ड एवं सर्वश्रेष्ठ बैंक के अवार्ड शामिलहैं।

बातों से नहीं भरता पेट, खिलाड़ियों को चाहिए नौकरी: आनन्देश्वर पाण्डेय

लखनऊ (वार्ता)। भारतीय ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष एवं यूपी ओलंपिक एसोसियेशन के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा खिलाड़ियों की हौसलाफ्ज़ाई पर कहा कि बातों से खिलाड़ियों का पेट नहीं भरेगा, उनको सबसे पहले नौकरी की दरकार हैं । डा पांडेय ने बुधवार को कहा कि प्रदेश में हजारों खिलाड़ियों के आरक्षित पद पिछले पांच वर्षों से खाली पड़े है। उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस में उपनिरीक्षक के 186 और कांस्टेबल के 1120 पद खाली है। इस विषय पर साल भर पूर्व मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गृह, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड के चेयरमैन व अन्य अधिकारियों के साथ निदेशक खेल व यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के साथ मुख्य सचिव के

साथ बैठक हो चुकी है लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ और राजपत्रित पदों की संख्या भी दर्जनों में है।इसके अलावा खेल विभाग में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी और उपक्रीड़ाधिकारी और प्रशिक्षकों के पद खाली पड़े है। परिवहन सहित अन्य विभागों में भी पद खाली है जबकि सरकार के जीओ के अनुसार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए दो प्रतिशत पद आरक्षित है। उन्होने कहा कि नौकरी न मिलने के कारण उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी दूसरे प्रदेशों में पलायन कर रहे है।

बीसीसीआई से बातचीत के बाद 26 अगस्त से शुरू होगा सीपीएल

सेंट किट्स एन्ड नेविस (वार्ता)। केरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) का 2021 संस्करण 26 अगस्त से शुरू होगा। टूर्नामेंट आयोजकों ने बुधवार को यह पुष्टि की। पिछले महीने सीपीएल आयोजकों ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के साथ सहमति जताई थी कि वह यह सुनिश्चित करेगा कि टूर्नामेंट का आईपीएल के साथ कोई टकराव नहीं हो। इस महीने मई में आईपीएल को कोविड 19 के कारण स्थगित किया गया था , तो बीसीसीआई ने शेष 31 मैच सितम्बर-अक्टूबर में यूएई में कराने का फैसला किया था। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वेस्ट इंडीज के शीर्ष खिलाड़ी आईपीएल के शेष टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध रहे बीसीसीआई ने वेस्ट इंडीज बोर्ड से आग्रह किया था कि वह सीपीएल के कार्यक्रम में कुछ बदलाव कर ले।

पेट्रोल डीजल की कीमतों में जबरदस्त तेजी

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों की पिछले दो दिनों की तेजी का असर गुरुवार को घरेलू स्तर पर दिखा जहां पेट्रोल 35 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि के साथ नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया और डीजल 15 पैसे प्रति लीटर महंगा हो गया। दिल्ली में गुरुवार की बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल की कीमत 101.54 रुपये और मुंबई में 107.55 रुपये प्रति लीटर के पार पहुँच गई। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में डीजल 15 अप्रैल के बाद पहली

बार सोमवार को 16 पैसे सस्ता होकर 89.72 रुपये प्रति लीटर पर आया था लेकिन आज फिर 15पैसे बढ़कर 89.87 रुपए प्रति लीटर हो गया। दिल्ली में मई और जून में पेट्रोल 8.41 रुपये और डीजल 8.45 रुपये महँगा हुआ था। जुलाई में अब तक पेट्रोल की कीमत 2.73 रुपये और डीजल की कीमत 71 पैसे प्रति लीटर बढ़ चुकी है। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की रोजाना समीक्षा होती है।

घुटने की चोट के कारण टोक्यो ओलम्पिक से हटे फेडरर

लुसाने (वार्ता)। 20 बार के ग्रैंड स्लेम विजेता स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर अपने घुटने की चोट के कारण 23 जुलाई से शुरू होने वाले टोक्यो ओलम्पिक से हट गए हैं। फेडरर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी। 40 वर्षीय फेडरर ने कहा, 'ग्रास कोर्ट सत्र के दौरान दुर्भाग्य से मुझे घुटने में परेशानी उत्पन्न हुई और मुझे टोक्यो ओलंपिक्स से हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। मैं इससे बहुत निराश हुआ हूं क्योंकि यह मेरे लिए बड़े सम्मान और गर्व की बात होती कि मैं स्विट्जरलैंड का प्रतिनिधित्व करता लेकिन मैं पूरी स्विस टीम को शुभकामनायें देता हूं और मैं दूर से ही उनका समर्थन करूंगा। ' फेडरर ने चार बार ओलम्पिक खेला है और उन्हें 2012 के लंदन ओलंपिक्स में ब्रिटेन के एंडी मरे से हारकर रजत से संतोष करना पड़ा था। इसके अलावा उन्होंने 2008 के बीजिंग ओलंपिक्स में युगल में स्वर्ण पदक जीता था। वह एकल वर्ग में स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए हैं।

मेरा विचार सभी को एक साथ और खुश रखना है : शिखर धवन

कोलंबो (वार्ता)। श्रीलंका दौरे पर भारत की ए क्रिकेट टीम के कप्तान की भूमिका निभा रहे शिखर धवन ने कहा है कि यह उनके लिए बड़ी उपलब्धि है कि वह भारतीय टीम के कप्तान बने हैं। एक लीडर के रूप में उनका विचार है कि सभी को एक साथ और खुश रखा जाए, यही सबसे महत्वपूर्ण बात है। शिखर ने बुधवार को स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम ' फॉलो द ब्लूज ' में भारतीय टीम के कप्तान की भूमिका दिए जाने पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ÷ हमारे पास लड़कों का एक अच्छा समूह है, बहुत अच्छा सहयोगी स्टाफहै और हमने पहले भी काम किया है। जब मैं भारत ए का कप्तान था, राहुल द्रविड़ कोच थे और मैं कई बार एनसीए (राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी) गया हूं, इसलिए यह एक अच्छा बंधन है। मैं चाहता हूं कि सभी साथ रहें और खुश रहें। भारतीय कप्तान शिखर ने कोच राहुल द्रविड़ के साथ अपने बंधन के बारे में कहा, ÷ राहुल भाई से मेरे अच्छे संबंध हैं। जब मैंने रणजी ट्रॉफी खेलना शुरू किया था तब मैं उनके खिलाफ खेला था और तब से मैं उन्हें जानता हूं। जब मैं इंडिया ए मैच खेलने गया तो मैं कप्तान था और वह कोच थे, इसलिए बातचीत हुई। जब वह एनसीए के निदेशक बने तो हम वहां करीब 20 दिनों के लिए जाते थे, इसलिए हमारे बीच काफी बातचीत होती थी और अब हमारे बीच अच्छी केमिस्ट्री है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

प्र.क्र.//अ-2/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री संदीप कुमार तिवारी आ. कमल प्रसाद निवासी आमापारा ब्राम्हण पारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा अपने भूमि स्वामित्व की भूमि ग्राम पाहंदा प.ह.न. 04 तहसील पाटन व जिला दुर्ग की स्थित भूमि खसरा नंबर 2206/35 रकबा 0.012 हें. अर्थात 1300 वर्गफीट की आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने के लिये आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 172 के तहत् प्रस्तुत किया हैं।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से नियत दिनांक 16.02.2021 को न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकतें हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आवेदन कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.02.2021 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, पाटन जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चन्दलाल श्रीवास्तव पिता रामसेवक श्रीवास्तव निवासी ग्राम शिव नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 736/10 रकबा 675 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता गायत्री पटेल पिता सुभाषचंद्र पटेल निवासी ग्राम नंदिनी टाउनशीप से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 05.01.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
	पादया पाण्डे	20210710040262

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक पादया पाण्डे आ. प्रेमकुमार पाण्डे निवासी रेल्वे लाईन रिसाली भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59(2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह.व जिला दुर्ग	724/6	0.020 हें 2400 वर्गफीट	आवासीय

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.07.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21
ई.पंजी. 202107100700182

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता देवांगन पति अगनूराम देवांगन निवासी ग्राम आजाद वार्ड तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1027/72 रकबा 0.005 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार दिलकुंवर बाई पति लखनलाल देवांगन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गौतमचंद जैन पिता श्री लक्ष्मीचंद जैन निवासी ग्राम नेहरुनगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 37/47 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार श्रीमती विमलाबाई जैन पति गौतमचंद जैन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 07.08.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 14.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री घनश्याम लोहारे आ. सूरजलाल साकिन उतई के द्वारा ग्राम उतई प.ह.न. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1270/1 का टु. रकबा 0.010 हे. भूमि संतोष यादव वगै. आ. श्यामलाल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 09.07.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय मे प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 27.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 12.07.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कवर्धा-रायपुर मार्ग में स्थित थाना पिपरिया के चौकी दशरंगपुर में 8 सीसीटीवी कैमरा लगाया गया

- जनप्रतिनिधियो ,व्यापारियों और पुलिस के सहयोग से लगाया गया कैमरा
- अपराधों की रोकथाम में चौकी दशरंगपुर पुलिस के तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरा की सहायता से अपराधों पर लगेगा अंकुश

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। कबीरधाम जिला मध्य प्रदेश से लगा हुआ है जहां से प्रतिदिन अधिक संख्या में आम जनों में शामिल होकर कुछ अपराधिक प्रवृत्ति को अंजाम देने वाले आरोपियों के द्वारा भी जिले से गुजरने की सूचनाएं प्राप्त हो रहा हैं, जिस पर अंकुश लगाने समय-समय पर बैरिकेड लगाकर

चौकी दशरंगपुर मुख्य मार्ग पर वाहनों की चेकिंग किया जा रहा है जिसे हाईटेक करने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले में लगे समस्त शासकीय कैमरो को चालू हालत में रखने तथा समय-समय पर शासकीय संस्थानों एवं गैर शासकीय संस्थानों पर लगे कैमरों के फुटेज चेक करने के लिए थाना प्रभारियों को निर्देशित

किया गया है। इसी तारतम्य में उप. पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री पी.आर.कुजूर, उप. पुलिस अधीक्षक अजाक श्री बी.आर. मंडावी तथा थाना पिपरिया प्रभारी निरीक्षक श्री के. के. वासनिक के कुशल नेतृत्व में चौकी दशरंगपुर प्रभारी उप. निरीक्षक श्री बृजेश सिन्हा के द्वारा मुख्य मार्ग से गुजरने वाले वाहनों का वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देश के अनुसार वाहनों की चेकिंग एवं चोरी नकबजनी अवैध शराब, जुआ, सट्टा, पशु तस्करी अवैध गांजा परिवहन जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने उचित वैधानिक कार्यवाही किया जा रहा है साथ ही मुख्य मार्ग से गुजरने वाले अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने दशरंगपुर मुख्य मार्ग पर 08 सीसीटीवी कैमरा लगाकर चौकी में 24 घंटे आने जाने वाले वाहनों पर नजर रखने जवानों को ड्यूटी पर तैनात किया गया है।साथ ही यह भी जानकारी दिया गया कि कैमरा लगाना जरूरी हैं क्योंकि कई बड़े-बड़े केस सी.सी.टी.वी.कैमरे की मदद से सॉल्व हुए है। कैमरे लगने पर बदमाशों पर आसानी से नजरें रखी जा सकेगी, साथ ही कोई वारदात होने पर पुलिस टीम को बदमाशों को ट्रेस भी किए जा सकता हैं। इससे पहले शहर में लगे सीसीटीवी कैमरे से कई बदमाश पकड़े भी जा चुके हैं।

नाबालिग के साथ हुए क्रूरता के दोषियों को हिरासत में लेकर फांसी देने की मांग, साहू समाज ने किया प्रदर्शन

गरियाबंद। छ. ग. प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष अर्जुन हिरवानी के आह्वान पर एवं जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू के नेतृत्व में नेहरू साहू

महामंत्री तहसील साहू संघ गरियाबंद के निर्देशन में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन 30 जुन 2021 को ग्राम लालखदान महमंद जिला बिलासपुर निवासी सत्रह वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ हुए निर्मम बलात्कार एवं हत्या में संलिप्त दोषियों को अतिशीघ्र हिरासत में लेकर फांसी की सजा देने की मांग करते हुए मंगलवार को साहू समाज के लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर गांधी मैदान से युवती के हत्यारे को फांसी दो फांसी दो के नारा लगाते हुए रैली निकालकर तिरंगा चौक गरियाबंद में शांति सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष भुनेश्वर साहू द्वारा हत्या एवं बलात्कार में शामिल लोगों को हिरासत में लेकर अति शीघ्र फांसी की सजा नहीं दिए जाने पर आगामी समय में उग्र आंदोलन व चक्का जाम इत्यादि किये जाने की चेतावनी दिए गए हैं। कार्यक्रम मे रोहित साहू जिला पंचायत सदस्य,राजेश साहू,केशव साहू,नेहरू साहू,मिलेश्वरी साहू, पुष्पा साहू, रेणुका साहू, मोतीराम साहू,महेंद्र साहू ने भी संबोधित किया। शांति सभा पश्चात मृतका बेटी दुर्गा साहू के आत्मशांति हेतु कैन्डल जलाकर 2 मिनट का मौन रखा गया फिर महामहिम राज्यपाल, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, कलेक्टर के नाम नायब तहसीलदार गरियाबंद को ज्ञापन सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से भुनेश्वर साहू, डां.दिलिप साहू, मोतीराम साहू राजेश साहू, केशव साहू, नेहरू साहू सोहन साहू, शालिक राम साहू, टीकमचंद साहू अरुण साहू, महेंद्र साहू, बिरेंद्र साहू, पुष्पा साहू, मिलेश्वरी साहू, रेणुका साहू,तनु साहू,सुनिता साहू,सरिता साहू, पुनिता साहू, त्रेता साहू, राम अधार साहू, जितेश्वर साहू, ढेलऊ राम साहू, डुमेश्वर साहू नंदू साहू, रामजी साहू, नोकेश साहू रामरतन साहू, श्यामा चरण साहू फलेन्द्र साहू, प्रकाश साहू इत्यादि उपस्थित रहे ।

योगेश तिवारी के एसडीम कार्यालय घेराव के ऐलान के बाद जवान सूर्या को मिली जमानत

बेमेतरा। किसान नेता योगेश तिवारी ने सेना के जवान सूर्या चौहान को जमानत नहीं मिलने पर एसडीएम और कलेक्टर कार्यालय के घेराव का ऐलान

किया था। इस ऐलान के बाद गुरुवार को जवान सूर्या को एसडीएम कोर्ट से जमानत मिल गई हैं। किसान नेता ने कहा कि छुट्टी पर आए सेना के जवान सूर्या चौहान को झूठे मामलों में फंसा कर जेल भेज दिया गया। जवान के ऊपर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। जवान को 5 दिनों तक जेल में रखा गया। सत्ता पक्ष के दबाव में जानबूझकर सेना के जवान को ज़मानत के प्रकरण को रोका गया। जवान के जेल में रहने के दौरान किसान नेता ने उनके परिवारजनों से मुलाकात कर हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया था। वे लगातार जवान के परिवार के संपर्क में रहें, अब सेना के जवान को जमानत मिलने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर है। किसान नेता ने कहा कि जवान सूर्या और उनके परिवार के जज्बे को सलाम है। बेमेतरा विधानसभा का हर नागरिक जवान सूर्या के साथ हुए अन्याय की लड़ाई में उनके साथ है।

अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने हेतु पुलिस चौकी मोहारा की कार्यवाही

राजनांदगांव। पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग विवेकानंद सिन्हा, पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ जय प्रकाश बढई एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ चंद्रेश सिंह ठाकुर, थाना प्रभारी

डोंगरगढ़ अलेक्जेंडर किरो के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध शराब की मुहिम में उप निरीक्षक दिनेश यादव चौकी प्रभारी मोहारा एवं चौकी स्टाफद्वारा क्षेत्र के होटल ढायों में शराब बिकने व जुआ खेलने की शिकायत पर विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु हर संभव प्रयास करते हुए पुलिस चौकी मोहारा के इलाका हाजा सहित कई जगहों पर रेड कार्यवाही कर आबकारी एक्ट के तीन प्रकरण पर कार्यवाही की गई है। आरोपी मनोज उर्फ नानुक पिता दीनुराम वर्मा उम्र 32 साल साकिन वार्ड नंबर 9 मोहारा के कब्जे से 10 पौवा गोल्डन गोवा व्हीस्की शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 399/2021 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। आरोपी कुंभकरण यादव पिता मानसिंग उन 26 साल साकिन केसली ओपी मोहारा के कब्जे से 10 पौवा गोल्डन गोवा व्हीस्की शराब जप्त कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 400/2021 धारा 34 (6) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई। आरोपी हरीश चन्द्राकर पिता स्व. बलु चंद्राकर उम्र 34 साल साकिन खुंटापारा डोंगरगढ़ थाना डोंगरगढ़ के कब्जे से 10 पौवा गोल्डन गोवा व्हीस्की शराब जप्त कर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 401/2021 धारा 34 (1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।

पट्टा वितरण के संबंध में महापौर ने की कलेक्टर से चर्चा

राजनांदगांव। नजूल भूमि पर झुग्गी झोपडी में निवासरत परिवारों को शासन की महती योजना राजीव गांधी आश्रय योजनांतर्गत पट्टा का वितरण किया जाना है। जिसके लिये प्रशासन द्वारा सर्वे भी कराया गया था। किन्तु अब तक पात्र हितग्राहियों को पट्टा वितरण नहीं हो पाया है। इस संबंध में पार्षदों द्वारा महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख से पट्टा वितरण कराने कि मांग की। पार्षदों की मांग पर महापौर श्रीमती देशमुख ने कलेटर तारन प्रकाश सिन्हा से चर्चा कर पट्टा वितरण कराने कहा। महापौर श्रीमती देशमुख ने बताया कि नजूल भूमि पर झुग्गी झोपडी में अस्थाई रूप से निवासरत परिवारों को पट्टा वितरण करने शासन द्वारा राजीव गांधी आश्रय योजना प्रारंभ की गयी, योजना के क्रियान्वयन की कडी में प्रशासन द्वारा झुग्गी झोपडी के निवासियों की सर्वे भी की गयी, किन्तु कोरोना काल के कारण पट्टा वितरण नहीं हो पाया है। इस संबंध में पार्षदों द्वारा भी वार्डो में पट्टा वितरण की मांग की गयी है।

गांव-गांव में बताएंगे, कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता

- कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सघन सर्वे का शुभारंभ
- कोरोना के साथ.साथ अन्य बीमारियों के लिए भी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

नवप्रदेश संवाददाता

कबीरधाम। कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता हैश। लोगों को इस बारे में जागरूक करने के लिए जिले में विशेष अभियान चलाया जाएगा। कुष्ठ रोग के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाने के लिए गांव एवं शहर के प्रत्येक वार्ड में टीमें गठित की जाएंगी। इसकी तैयारियों के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ ही संबंधित अन्य सभी विभाग अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षण, जांच, प्रभाव तथा उपचार की समुचित जानकारी देते हुए जागरुक करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से पोस्टर व पर्चे वितरित किए जाएंगे। पर्चे में कुष्ठ रोग के लक्षण तथा जांच व इलाज के बारे में पूरी जानकारी रहेगी। इसके साथ ही कुष्ठ रोग विभाग की टीम घर-घर जाकर लक्षणों की जांच करेगी। कुष्ठ रोग उन्मूलन कार्यक्रम पर जोर देते हुए कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने मितानिनों को घर-घर सघन कुष्ठ सर्वेक्षण हेतु रजिस्टर प्रदान कर एक्टिव केस डिटेक्शन सर्वे का शुभारंभ किया है। उन्होंने लक्षण वाले बच्चों के लिए शासन की मार्गदर्शिका के अनुरूप किट तैयार कर मितानिनों को प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित भी किया है। साथ ही उन्होंने कोरोना के साथ-साथ अन्य बीमारियों के लिए भी व्यवस्था दुरुस्त रखने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

कुष्ठ रोग के विरुद्ध अभियान के संबंध में सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र कुमार मंडल ने बताया, कुष्ठ रोगियों का चिन्हांकन कर उनका समुचित उपचार करने के उद्देश्य से जिले में एक्टिव केस डिटेक्शन सर्वे शुरु किया गया है। यदि किसी व्यक्ति में कुष्ठ रोग के लक्षण पाए जाते हैं तो पीड़ित का नाम रजिस्टर में दर्ज कर उसे जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच में कुष्ठ रोग मिलने की स्थिति में रोगी को कुष्ठ रोग निवारण के लिए तब तक निःशुल्क दवाएं दी जाएंगी, जब तक उसका कुष्ठ रोग पूरी तरह से ठीक न हो जाए। इस अभियान के लिए माइक्रो प्लान तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा, कुष्ठ रोग अभिशाप नहीं बल्कि एक रोग है जिसका उपचार संभव है।

मितानिनों के कार्यों की सराहनाए सुपोषण पर जोर

इसी तरह कुपोषण दूर करने के प्रयास में भी कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा द्वारा आरबीएसके की टीम के चिकित्सकों की बैठक ली गई है। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने आवश्यक दिशा.निर्देश दिए हैं। कोविड काल में मितानिनों के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने कुष्ठ सर्वे के साथ-साथ कोविड़ सर्वे कार्य भी जारी रखने के लिए कहा है। साथ ही ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन व मलेरिया जैसे प्रकरण आने पर तत्काल जांच के लिए रैपिड डायग्नोस्टिक, रैपिड टेस्ट किट की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखने के निर्देश दिए हैं।

कुष्ठ रोग के लक्षण :-

- त्वचा पर हल्के लाल या तांबई रंग के दाग या धब्बे होना
- त्वचा के दाग धब्बों में संवेदनहीनता व सुन्नपन होना
- पैरों में अस्थिरता या झुनझुनी होना
- हाथ पैर या पलकें कमजोर होनाए नसों में दर्द
- कान व चेहरे पर सूजन या गांठ होना
- हाथ या पैर में घाव होने पर दर्द न होना

जनरल स्टोर से चोरी करने वाला आरोपी चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

- थाना सिटी कोतवाली में पूर्व से ही आरोपी के विरुद्ध कई अपराध पंजीबद्ध है

कवर्धा। जिले में घटित चोरी के अपराध पर अंकुश लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री पी आर कुजुर, उप पुलिस अधीक्षक अजाक / काईम श्री बी.आर.मंडावी के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश सोम के कुशल नेतृत्व में लगातार अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने उचित वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में प्रार्थी धरम आहूजा पिता जोगेन्द्रपाल आहूजा उम्र 37 साल साकिन एकता चौक कवर्धा के द्वारा दिनांक 13.07.2021 को थाना हाजिर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 08.07.2021 के रात्रि 09.00 बजे दुकान को बंद करके घर चले गये थे। दिनांक 09.07.2021 को साप्ताहिक बाजार बंद होने से दुकान को बंद रखे थे। दिनांक 10.07.2021 के सुबह 10.30 बजे के लगभग दुकान को खोला तो देखा मेरे दुकान के गल्ला का ताला टूटा हुआ था। और दुकान के ऊपर जाकर देखा तो रोशन

दान खुला हुआ था, तब मै गल्ले में आकर देखा तो गल्ला में रखे नगदी रकम 5000 / - को कोई अज्ञात चोर द्वारा गल्ले के ताला को तोड़कर चोरी कर ले गया है। चोरी हुये 5000 रूपये में सौ सौ रूपये का नोट का होना बताया गया जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना दौरान मौका जांच कर प्रार्थी एवं गवाहों का कथन लेख कर नजरी नक्शा तैयार कर माल मुल्जिम का पता तलाश पुलिस टीम के द्वारा आरंभ किया गया जिस पर मुखबीर की सूचना प्राप्त हुआ कि यशवंत मेरावी जो कवर्धा के रेवाबांध तालाब के पिछे रहता है उसके पास अचानक से काफी नकदी रकम रखा हुआ है, तथा उसकी हरकतें अपराधिक प्रवृत्ति की लग रही हैं। जिसकी सूचना तस्दीक हेतु गवाहों को तलब कर धारा 160 जाफौ का नोटिस जारी कर मुखबीर सूचना से अवगत कराकर रवाना होकर संदेही यशवंत मेरावी के घर के सामने रेवाबंध तालाब के पीछे कवर्धा जाकर पतासाजी करने पर संदेही यशवंत मेरावी पिता कुलुम मेरावी उम्र 20 साल साकिन रेवाबंध तालाब के पीछे कवर्धा थाना कवर्धा मिला जिससे पूछताछ कर मेमोरण्डम कथन लिया गया जो एकता चौक में स्थित सत्यम जनरल स्टोर में चोरी करना स्वीकार किया।

डीजल-पेट्रोल व गैस की कीमत में बढ़ोत्तरी के खिलाफ चौराहे पर उतारी शर्ट

- युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने किया विरोध प्रदर्शन-बजाई थालियां

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। डीजल-पेट्रोल व गैस की कीमत में बेतहाशा बढ़ोत्तरी के खिलाफ युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) जमकर आक्रोशित है। पार्टी के बौखलाए कार्यकर्ताओं ने इस असहज मूल्य वृद्धि के खिलाफ आक्रोश जताते हुए शहर के हृदय स्थल पर अर्धनग्न प्रदर्शन किया। नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार तक अपनी बात पहुंचाने के लिए चौराहे पर थाली भी बजाई।

प्रदर्शन को लेकर युवा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिला अध्यक्ष दीपक सोनी ने कहा केंद्र सरकार द्वारा डीजल-पेट्रोल व गैस की कीमतों में असहज बढ़ोत्तरी करना जनता के साथ सरासर अन्याय है। डीजल-पेट्रोल व गैस की कीमत बढ़ाए जाने की वजह से छोटे-मझोले उद्योगों व कारोबारियों की भी हालत खराब हो गई है। इस महंगाई की मार से हर वर्ग बेहाल है। डीजल-पेट्रोल एवं गैस के बढ़ते दामों के कारण ही विरोध-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, बढ़ती महंगाई के कारण जनता अपना तन ढकने के लिए कपड़ा तक खरीद पाने में असमर्थ हो गई है। इन्ही सब पीड़ाओं को केंद्र सरकार तक पहुंचाने के लिए जकांछ के कार्यकर्ताओं को टी-शर्ट उतारकर अर्धनग्न प्रदर्शन तथा थाली पीटकर विरोध प्रकट करना पड़ रहा है।

इस विरोध प्रदर्शन में आमजन के साथ ही जकांछ (जे) युवा जोगी ब्रिगेड के कार्यकर्ता शामिल थे। इनमें मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, जिला महासचिव मनीष चतुर्वेदी, महिला मोर्चा के सदस्य नीना नागदेव, शुभम चतुर्वेदी, विनायक कुर्रे, कृष्णा, सागर बंजारे, मनन, छब्बी लाल, जितेश महेश्वरी, प्रहलाद, तेजेश्वर साहू, मनोज निषाद, नरेश साहू, शैलेष सिंह, शिव मंडावी, संतोष यादव, भाव सिंह, डोमन, लोकेश, नवीन, नरेंद्र कुमार व परमानंद ध्रुव सहित अन्य थे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

67 एमओयू में ...

इनमें प्रस्तावित पूंजी निवेश 46 हजार 937 करोड़ रूपए हैं। 92 परियोजनाओं में क्रियान्वयन प्रारंभ हो चुका है और एक में उत्पादन भी शुरू हो गया है। 23 नवीन एमओयू में कार्य प्रारंभ होना

देश में बढ़े डेल्टा...

पर रह गई थी। इसके चलते भी तीसरी लहर की चिंता और ज्यादा सताने लगी है। तन्वी गुप्ता ने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि भले ही आर्थिक गतिविधियां सामान्य हो रही हैं, लेकिन यह अभी भी मिला-जुला ही है। उन्होंने बताया कि रेलवे और घरेलू उड़ानों के यात्री बढ़े हैं, लेकिन टोल कलेक्शन अभी भी उस तरह से नहीं है।

तीसरी लहर का ...

लाख प्रति डोज रोजाना पर आ चुका है। वहीं कोरोना के कुल केसेज में से 45 फीसदी केस ग्रामीण इलाकों में मिल रहे हैं।

जीपी सिंह मामले में...

पहली सुनवाई जस्टिस एनके व्यास के कोर्ट में हुई। जिसमे कोर्ट ने अंतरिम राहत की याचिका पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। वहीं दूसरी याचिका पर मामले की केस डायरी कोर्ट ने मांगी है।

चौतरफा घिरते जा रहे हैं जीपी सिंह : एडीजी जीपी सिंह के हाई प्रोफाइल होने के कारण ईओडब्ल्यू इसमें काफी सख्त नजर आ रही है। कोतवाली थाने के 3 पुलिस अधिकारियों की टीम ने आज फिर कोर्ट से सर्च वारंट लेकर जीपी सिंह के सरकारी आवास पहुंचकर तलाशी ली। जिसमें उन्हें एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण के साथ-साथ कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जो इस मामले को और भी मजबूत करते नजर आ रहे हैं।

मानसून सत्र में सवालों...

भाजपा सहित जनता कांग्रेस व बसपा सत्र के दौरान किसानों के मुद्दों के अलावा शराब बंदी, प्रदेश में कोरोना की दूसरी लहर से हुई मौतें, बारिश से धान की बर्बादी, प्रदेश में कानून व्यवस्था सहित कई मुद्दों को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास कर सकती है।

विधानसभा लोक लेखा समिति की बैठक 3 व 4 अगस्त को

छत्तीसगढ़ विधानसभा की लोक लेखा समिति की बैठक 3 व 4 अगस्त को प्रस्तावित है। विधानसभा की वेबसाईट में दी जानकारी के अनुसार दोनों बैठकें सुबह 11 बजे विधानसभा के मुख्य समिति कक्ष में रखी गई है।

वाराणसी को 1500...

बढ़ेगा बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में बनारस की अलग पहचान भी बन सकेगी। शहर की पेयजल व्यवस्था से लेकर सीवर लाइनों का पूरी तरह से कायाकल्प हो रहा है। पिछले सात साल में ही पीएम मोदी अपने संसदीय क्षेत्र को 10700 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दे चुके हैं।

द.अफ्रीका में 13...

उनका कहना है कि दक्षिण अफ्रीका में रह रहे सभी 13 लाख भारतीयों को अभी खतरा नहीं है लेकिन स्थितियां उसी तरफ बढ़ती दिखाई दे रही हैं।

राजद्रोह का प्रावधान जारी...

पाए जाने पर आरोपी को तीन साल से लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। इसके अतिरिक्त इसमें जुर्माने का भी प्रावधान है। सवाल यह है कि आजादी के बाद हमारे संविधान में विचार और अभिव्यक्ति की आजादी मिली है।

गांधी परिवार के...

कई बड़े नेताओं ने संगठन चुनाव को लेकर खुलकर आवाज उठाई है। कमलनाथ की पार्टी में अच्छी पकड़ है और वरिष्ठ नेताओं से भी अच्छे संबंध हैं। 2002 में उन्हें कांग्रेस पार्टी का महासचिव बनाया गया था।

संचालनालय
आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
सेक्टर-24, अटल नगर नवा रायपुर
E-mail ID-trti.cg@nic.in Phone no-0771-2960530, Fax No. 0771- 2960531
क्र./टी.आर.आई./स्टोर/170/2021-22/469 नवा रायपुर, दिनांक 14.07.2021

// निविदा सूचना //

कार्यालय संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में कार्यालयीन उपयोग हेतु स्टेशनरी सामग्री/ कम्प्यूटर स्टेशनरी सामग्री एवं अन्य सामग्रियों के क्रय की दर निर्धारण किए जाने हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र एवं शर्तें कार्यालय संचालक, आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण, संस्थान सेक्टर-24, नवा रायपुर अटल नगर में आवेदन प्रस्तुत कर रुपए 500/- (शब्दों में पांच सौ रुपए) मात्र नगद भुगतान कर कार्यालयीन दिवस में प्राप्त किया जा सकता है :-

विवरण	तिथि	समय
निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि	03.08.2021	सायं 4.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि	04.08.2021	दोपहर 2.00 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि एवं समय	04.08.2021	दोपहर 3.00 बजे तक

जी-62095/1

संचालक,
आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान
नवा रायपुर अटल नगर

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, जगदलपुर छ.ग.
संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक- 3019/NIT-9/2021-2022/वलेलि दिनांक 13/07/2021
निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 23/07/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदाएं प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 03/08/2021 अपरान्ह 5.30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि :- 04/08/2021 अपरान्ह 11.30 बजे तक

एनआईटी क्र. 9 निविदा क्र.	कार्य का नाम -लो.नि.वि. (वि./यां.) उपसंभाग दन्तेवाड़ा जिला दन्तेवाड़ा के निम्नलिखित स्थानों में आने वाले संभावित विद्युतीकरण का वार्षिक संधारण-साधारण/जमा/विशेष मरम्मत/लघुमूल गौण कार्य- प्रथम आमंत्रण। कार्य की अवधि T0131 से T0148 तक 31/12/2021 तक वर्षाऋतु सहित एवं T0148 -12 माह वर्षाऋतु सहित	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि (रु.में) बैंक साल्वेंसी (रु.में)
T0131	दन्तेवाड़ा ब्लाक के सेक्शन 1 अंतर्गत आवासीय भवन	
T0132	दन्तेवाड़ा ब्लाक के सेक्शन 1 अंतर्गत गैर आवासीय भवन	
T0133	दन्तेवाड़ा ब्लाक के सेक्शन 2 अंतर्गत आवासीय भवन	
T0134	दन्तेवाड़ा ब्लाक के सेक्शन 2 अंतर्गत गैर आवासीय भवन	
T0135	दन्तेवाड़ा ब्लाक के सेक्शन 3 अंतर्गत आवासीय भवन	
T0136	दन्तेवाड़ा ब्लाक के सेक्शन 3 अंतर्गत गैर आवासीय भवन	20.00
T0137	गीदम ब्लाक के अंतर्गत आवासीय भवन	15000
T0138	गीदम ब्लाक के अंतर्गत गैर आवासीय भवन	0.00
T0139	कुआकोण्डा ब्लाक के अंतर्गत आवासीय भवन	(प्रत्येक कार्य)
T0140	कुआकोण्डा ब्लाक के अंतर्गत गैर आवासीय भवन	
T0141	कटेकल्याण ब्लाक के अंतर्गत आवासीय भवन	
T0142	कटेकल्याण ब्लाक के अंतर्गत गैर आवासीय भवन	
T0143	संयुक्त जिला कार्यालय में स्थापित लिफ्ट/डी.जी. सेट	
T0144	विश्राम गृह/ विश्राम भवनों में स्थापित वातानुकूलित, फ्रीज, टी.व्ही. इत्यादि यंत्रों	
T0145	दन्तेवाड़ा ब्लाक के अंतर्गत डी.जी. सेट/यू.पी.एस. बैटरी एवं ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु	
T0146	गीदम ब्लाक के अंतर्गत डी.जी. सेट / यू.पी.एस. बैटरी एवं ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु	30.00
T0147	कुआकोण्डा ब्लाक के अंतर्गत डी.जी. सेट/ यू.पी.एस. बैटरी एवं ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु	22500
T0148	कटेकल्याण ब्लाक के अंतर्गत डी.जी. सेट/यू.पी.एस. बैटरी एवं ट्रांसफार्मर स्थापना हेतु	(प्रत्येक कार्य)
T0149	जिला जेल दंतेवाड़ा के भवन में विद्युत पैनल स्थापना तथा बैरक क्र. 6 एवं 7 में विद्युतीकरण का बजट कार्य मद क्रमांक 393/21-22	0.9.00 6750 0.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-62057/4

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां. संभाग, जगदलपुर छ.ग.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

6 दिन में कुल 303 लापरवाह वाहन चालकों पर हुई कार्रवाई

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में बढ़ते वाहन दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने कबीरधाम पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के द्वारा कबीरधाम जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि अपने-अपने अनुविभाग के अधिनस्थ थाना/चौकी प्रभारियों को बढ़ते वाहन दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु यातायात नियमों की जानकारी देकर लापरवाह वाहन चालकों के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने कहा गया था। साथ ही मोटर सायकल में तीन सवारी न चलने, धीमी गति से वाहन चलाने, भीड़भाड़ वाले इलाकों में ओव्हरटैक न करने, वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थानो में खडें रखने साथ ही हैलमेट पहनने एवं माल वाहक वाहनो के संचालको को वाहनो का समय-समय पर रख रखाव बेहतर रखने, वाहन की फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लायसेंस तथा सम्पूर्ण दस्तावेज साथ रखने समय-समय पर समझाईश दिया गया था।

कार्यकर्ता ही भारतीय जनता पार्टी की आत्मा : वीरेंद्र साहू

कवर्धा/नवप्रदेश। लोहारा मंडल में बुधवार को भाजपा कार्य समिति की बैठक हुई। इस मौके पर बैठक प्रभारी भाजपा जिला महामंत्री वीरेंद्र साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा 1950 से लेकर अब तक हमारा गौरवशाली इतिहास रहा है। भाजपा 10 सदस्यों से लेकर आज 18 करोड़ सदस्यों वाली दुनिया की पहिली पार्टी है बन गई है। महामंत्री ने कहा देश में 1650 राजनीतिक पार्टियों और भाजपा में सिर्फएक कि अंतर है , उन पार्टियों की आत्मा उनके नेता होता है। और हमारी आत्मा हमारे कार्यकर्ता होते है। वीरेंद्र साहू ने कहा कांग्रेसी हमारे लिए तंज कसते थे की भारतीय जनता पार्टी ने फैमिली प्लानिंग को अपनाया है, क्योंकि उस समय संसद में हमारे केवल 2 संसद हुआ करते थे।

शिक्षिका को अश्लील तस्वीरें भेजने वाला क्रीड़ा अधिकारी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रार्थिया जो कि शिक्षा विभाग राजनांदगांव में शिक्षिका के पद पर पदस्थ है, थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि किशोर मेहरा पिता स्व. विरयू मेहरा उम 57 साल निवासी लेबर कालोनी थाना कोतवाली राजनांदगांव जो कि शासन के वरिष्ठ पद जिला क्रीड़ा अधिकारी राजनांदगांव के पद पर पदस्थ है, के द्वारा सोशल मीडिया (व्हाट्सएप्प) के माध्यम से पीड़िता को उनके व्हाट्सएप्प पर अश्लील फोटो का पीडीएफ बनाकर भेजा गया एवं पीड़िता को फोन पर भी अश्लील बातें करने लगा एवं मना करने पर पीड़िता को धमकी देने लगा। मामले की गंभीरता को वरिष्ठ अधिकारीगण पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती प्रज्ञा मेश्राम एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री नंद को अवगत कराया गया, उनके कुशल मार्गदर्शन प्राप्त कर थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना बसंतपुर में आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमाक 248/2021 धारा 67 (ए) आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द कर आरोपी पता तलाश में लिया गया। आरोपी को अपराध पंजीबद्ध होने की सूचना मिलने पर आरोपी फरार हो गया। आरोपी के पता तलाश हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। आरोपी को 14 जुलाई 2021 को उनके निवास स्थान लेबर कालोनी राजनांदगांव से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

महिला कांग्रेस ने चूल्हा जलाकर केंद्र सरकार का किया विरोध

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद फूलों देवी नेताम के निर्देशानुसार एवं जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी के सहमति से कबीरधाम महिला कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गंगोत्री योगी के नेतृत्व में विधायक ममता चंद्राकर की उपस्थिति में केंद्र सरकार के खिलाफ बढ़ती महंगाई के विरोध में एक दिवसीय हल्ला बोल धरना प्रदर्शन कर डीजल पेट्रोल व घरेलू इंधन के मूल्य कम कराने के उद्देश्य को लेकर महिलाएं सड़क पर उतरीं, महिला कांग्रेस के प्रतिनिधियों ने खाली गैस की टंकी हाथों में लेकर आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन किया। साथ ही सिग्नल चौक कवर्धा में चूल्हा जलाकर खाना बनाते हुए 'मोदी सरकार होश में आओ' के नारे लगाए।

20.55 करोड़ की हुई शराब बिक्री, बाकी मेंटेनेंस और दुकान संचालकों पर हो गया खर्च

सूखे कबीरधाम में छलके करोड़ों के जाम

कवर्धा/नवप्रदेश। जिले में गजब का शराब बिक्री हुआ और इससे मजेदार बात यह है कि जितनी राजस्व प्राप्ति हुई उससे ज्यादा मेंटेनेंस और दुकान संचालको के नाम पर खर्च हो गया। सोचनीय विषय यह है कि आखिर इतनी बडी राशि कैसे खर्च हुई अब इस राशि को बचाने कोई सार्थक उपाय नजर नही आ रहा है। जिसके चलते शराब बिक्री में आय से आधा से ज्यादा राशि खर्च होना बताया जा रहा है। फ्लिहाल जाम छलकाने वालो की संख्या भी बढ गई है। तो अब शराब से आय में भी इजाफा हो रहा है। कबीरधाम जिले में कुल 23 शराब दुकानें हैं इनमें 1 जून से 12 जुलाई तक के आवक और खर्च को देखें तो यहां थोड़ा सोचना यहां भी होगा की आवक करोड़ों में हुई लेकिन खर्च भी आधे से कुछ ज्यादा हुआ, यहां 10 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ वही शेष 20.55 में से बची राशि को खर्च बताया जा रहा है अब ऐसी स्थिति में खर्च की गई राशि को लेकर चिंतन करने की आवश्यकता है।

ज्ञात हो कि कोरोना काल में 11 मई से दुकानें प्रारंभ की गईं। शुरुआती दिनों में आनलाइन शराब बेची गई। इसके बाद आफ्लाइन बिक्री शुरू हुई। एक जून से देसी और चार जून से अंग्रेजी दुकानें खोली गईं। जिले में 1 जून से 12 जुलाई तक शासन ने 20.55 करोड़ रुपये की शराब बेची। इसमें 10 करोड़ रुपये का राजस्व शासन को राजस्व मिला।

बाकी राशि मेंटेनेंस, शराब दुकान संचालन पर खर्च की गई। जिले में 23 सरकारी शराब दुकानें हैं। इनमें नौ अंग्रेजी और नौ देशी दुकानें हैं। पांच दुकानों में अंग्रेजी व देसी दोनों की बिक्री की जाती है। विभाग का कहना है कि अब शराब दुकानें पुराने समय के अनुसार खोली जा रही हैं, सभी दुकानों में कोरोना नियम का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

मई में पहले दिन शराब की दुकानों में भीड़ उमड़ी थी। इसे लेकर एक दिशा निर्देश जारी किया। इसमें बताया गया कि शारीरिक दूरी एवं कोरोना के फैलाव को नियंत्रित करने के उद्देश्य से होम डिलिवरी की अनुमति भी शासन के द्वारा प्रदान की गई थी। मदिरा दुकानें छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन के द्वारा संचालित हैं। शासन के आदेश के पालन में मदिरा दुकानों में भीड़ को नियंत्रित करने शारीरिक दूरी के पालन की दृष्टि से डिलीवरी बाय के माध्यम से मदिरा प्रदाय करने की व्यवस्था की शुरुआत की गई थी। वहीं जिले में कोरोना संक्रमण कम होने के बाद फिर से सभी दुकानों को खोल दिया गया है। वहीं इन मदिरा दुकानो में न तो सोशल डिस्टेंसिंग दिख रहा है और न ही लोगो में कोरोना का भय बना हुआ है। चखना दुकानो की ओर देखे तो चार से पांच लोग एक साथ बैठकर जाम छलकाते नजर आ जाते हैं। वहीं कवर्धा के आस-पास नदी तलाबों की बात करे तो शाम होते ही तलाब मयखाने में तब्दील होते नजर आने लगती है।

सांई प्रसाद चिटफंड कम्पनी का डायरेक्टर गिरफ्तार

आरोपी को जगदलपुर केन्द्रीय जेल से प्रोडक्शन वारंट में लाकर, राजहरा थाना में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल बालोद भेजा गया

आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में है अपराध दर्ज

कम्पनी द्वारा जिला बालोद के 5782 निवेशकों से कुल 30,06,65,868/- रूपये की ठगी की गई है

बालोद/नवप्रदेश। प्रार्थी संतोष कुमार कोमा ने थाना दल्लीराजहरा में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि सन 2011 मे सांई प्रसाद प्रापर्टीज लिमिटेड कंपनी के डायरेक्टर्स के द्वारा अपने एजेंट्स के माध्यम से जिला बालोद के व अन्य आस-पास के स्थानों पर अपना कार्यालय खोलकर रूपये कमाने एवं पैसा दोगुना करने, कम समय में अधिक ब्याज देने की लुभावनी स्कीम खोलकर निवेशकों से करोड़ों रूपये जमा करवाकर धोखाधड़ी कर उक्त कंपनी ने अपना कार्यालय बंद कर आरोपीगण भाग गये हैं कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर से थाना राजहरा में अपराध क्रमांक 136/2016 धारा 420, 406, 467, 468, 120 बी भा.द.वि. एवं धारा 3,4,5,10 ईनामी चिट एवं धन परिचालन पाबंदी अधियिम के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इस कंपनी द्वारा जिला बालोद के 1275 निवेशकों से कुल 123697015 रूपये की ठगी की गई है। निवेशकों को रूपये वापस दिलाने के लिए इस कंपनी के सम्पत्ति की कुर्की कार्यवाही की जा रही है।

विवेचना के दौरान चिखलाकसा (राजहरा) कार्यालय से उक्त चिटफण्ड कंपनी में लोगों के द्वारा जमा किये गये करोड़ों रूपये की जमा रकम का बांड पेपर को जप्त किया गया।

प्रकरण में कंपनी के मुख्य डायरेक्टर श्रीमती वंदना भापकर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। मुख्य आरोपी बाला साहब भापकर घटना के बाद से फरार होने से लगातार पता तलाश किया जा रहा था। विवेचना के दौरान आरोपी को केन्द्रीय जेल जगदलपुर में होना पाये जाने से प्रोडक्शन वारंट से थाना राजहरा लाकर 14 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। न्यायिक अभिरक्षा में उपजेल बालोद में भेजा गया है।

एसडीएम पाण्डेय ने किया मोहल्ला क्लास का निरीक्षण

भाटापारा/नवप्रदेश। केन्द्र प्रवर्तित योजना के अंतर्गत पढ़ना लिखना अभियान कार्यक्रम पूरे राज्य के साथ-साथ बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में भी प्रारंभ किया गया है।

संचालक राज्य साक्षरता मिशन के निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष व कलेक्टर जिला साक्षरता मिषन प्राधिकरण जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के मार्गदर्शन में जिले में भी राज्य द्वारा प्राप्त लक्ष्य 8000 निरक्षरों का सर्वे एनएसएस, एनसीसी, स्काउड व स्कूली बच्चों के द्वारा जिले के चिन्हांकित 71 ग्राम पंचायतों व 40 वार्डों में किया गया। सर्वे उपरांत लक्ष्य के अनुरूप निरक्षरों का नाम अपलोड किया गया। संचालक के आदेशानुसार कलेक्टर सुनील जैन ने विकासखण्ड बलौदाबाजार को 2000, बिलाईगढ़ को 1500, कसडोल को 1500, भाटापारा को 1000, सिमगा को 1000 एवं पलारी को 1000 निरक्षरों का लक्ष्य दिया गया।

राज्य कार्यालय से निरक्षरों के लिये आखर झांपी पुस्तिका एवं स्वयं सेवी शिक्षकों के लिये मार्गदर्षिका प्रदान किया गया है जिसे संबंधित को वितरित कर दिया गया है। कलेक्टर ने कार्य की गुणवत्ता के लिये अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को अनुभाग की जिम्मेदारी प्रदान की है। जिनके अंतर्गत मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड नोडल अधिकारी, ग्राम प्रभारी शिक्षक एवं वार्ड प्रभारी शिक्षकों को कार्य विभाजन किया गया है।

समिति में खाद नहीं, महंगे दाम पर मार्केट से लेने को मजबूर किसान

देवभोग न्यूज/नवप्रदेश। कुछ दिनों से किसानों को मौसम का साथ मिलने के बाद अब अधिकारियों की बेरुखी का सामना करना पड़ रहा है। तभी खाद नहीं होने की जानकारी के बावजूद खाद उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है।

पहले थंब मशीन नहीं होने का हवाला दिया गया तो अब खाद खत्म होने की बात कही जा ती है। जिसके चलते सबसे ज्यादा नए झिरीपानी गोहरापदर दीवानमुड़ा रोहनागुड़ा समिति के सैकड़ों किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। क्योंकि सत प्रतिशत किसानों ने अपने अपने खेत की जोताई एवं बोआई कर रोपा के कगार पर है। बावजूद इसके किसानों के हाथ खाद नहीं लग पाया है। यही कारण है कि इन समितियों में किसानों और प्रबंधक के बीच आए दिन तीखी नोकझोंक देखने को मिलता है। हालांकि हालात से मजबूर कई किसान मार्केट से ऊंचे ऊंचे दाम पर खाद लेकर अपने खेत में इस्तेमाल करने को मजबूर है। जानकारी अनुसार रोहना गुड़ा समिति के 998 किसानों में से अब तक सिर्फ 550 किसानों को खाद मिल पाया है। जबकि झिरी पानी के 700 में 580 किसानों ने खाद ले लिया है।

इसी तरह गोहरा पदर और दीवानमुडा का हाल है। जिससे जिला के अधिकारी भी अच्छी तरह अवगत हैं। लेकिन स्टॉक में खाद नहीं होना बताकर अपने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं। जबकि वर्तमान में किसानों को खाद की अति आवश्यक बताई जाती है क्योंकि समय सीमा पर खाद नहीं डाला जाता तो फसल पर काफी प्रभाव पड़ेगा। यही कारण है कि बड़े-बड़े सक्षम किसान महंगे महंगे दाम पर बाजार से खाद उठाने को मजबूर हैं। तो वहीं कुछ किसान समिति की ओर मुंह ताके हुए हैं। मतलब पहले की तुलना इस बार किसान बोआई से पहले खाद का छिड़काव नहीं कर पाए। जबकि पहले खाद डालकर अच्छी खासी फसल पैदावार होने की बात कही जाती है। और आने वाले सप्ताह भर के भीतर डीएपी और यूरिया उपलब्ध नहीं होता तो किसानों को काफी ज्यादा परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

गांजा तस्करी करते दो गिरफ्तार

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार जिला बालोद के मार्गदर्शन में अवैध शराब, मादक पदार्थ, जुआ, सट्टा एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही अभियान चलाया जा रहा है। 14 जुलाई को मुखबीर से सूचना मिला कि मोटर सायकल होण्डा (ड्रीम युगा) सी.जी. 07 ए.टी. 6242 एवं बिना नंबर प्लेट की सिल्वर कलर का होण्डा साईन में दो व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा छुपाकर परिवहन करते उड़ीसा से बालोद गुरूर-झलमला के रास्ते से आ रहे है कि सूचना पर तस्दीकी हेतु उप निरीक्षक शिशिर पाण्डेय, थाना बालोद को हमराह स्टॉफके साथ रवाना किया गया। जिनके द्वारा गंजपारा महादेव भवन बालोद के पास उपरोक्त मोटर सायकल के चालकों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। मोटर सायकल होण्डा (ड्रीम युगा) क्रमांक सीजी 07 ए.टी. 6242 में सवार व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम कादिर खान पिता स्व. नजीर खान, उम्र 28 वर्ष, साकिन अटल आवास कुंदरू पारा बालोद, जिला-बालोद एवं बिना नंबर प्लेट की सिल्वर कलर का होण्डा साईन में सवार व्यक्ति से नाम पूछने पर अरमान खान पिता स्व. रहमान खान, उम्र 30 वर्ष, साकिन जवाहर पारा बालोद का निवासी बताया।

गवाहों के समक्ष उक्त मोटर सायकल को तलाषी लेने पर अपने-अपने मोटर सायकल की सीट पर पीले रंग की साड़ी कपड़ा में 05-05 कि.ग्रा. अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमती 30,000/-रूपये रखे हुये थे। मौके पर जप्त अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं उपरोक्त दोनो मोटर सायकल को जप्त कर पुलिस के कब्जा में लिया गया तथा दोनो आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर उनके विरूद्ध थाना बालोद में अपराध क्रमांक 212/2021 धारा 20 (ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। पूर्व में राजहरा क्षेत्र अंतर्गत गांजा का परिवहन करते अरमान खान पिता स्व. रहमान खान, उम्र 30 वर्ष, साकिन जवाहर पारा बालोद पकड़ाया गया था।

बेरोजगारी और महंगाई मोदी सरकार ने बढ़ाई: चंदन यादव

सायकल यात्रा में दिखा केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश : कोठारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आदेशानुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम के निर्देशानुसार महंगाई के विरुद्ध चरणबद्ध आंदोलन के तहत जिला स्तरीय साइकिल यात्रा का आयोजन कौड़ीकसा से अंबागढ़ चौकी तक यात्रा में मोदी सरकार के अकुशल नेतृत्व से बढ़ती महंगाई के खिलाफ आक्रोश साफनजर आ रहा था।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि पेट्रोल-डीजल घरेलू गैस की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के विरोध में कांग्रेस की साइकल यात्रा जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव छत्तीसगढ़ प्रभारी डॉ. चंदन यादव शामिल होकर जन आंदोलन में शामिल युवा, महिला एवं कांग्रेसजनों में उत्साह का संचार कर सैकड़ों की संख्या में साइकिल सवार आमजनों व कांग्रेसजनों के साथ स्वयं भी 8 किलोमीटर की यात्रा कर केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद करने के साथ ही 8 किलोमीटर की यात्रा में कांग्रेसियों ने मोदी सरकार हाय हाय और महंगाई कम करो के गगनभेदी नारे लगाते हुए अपना विरोध प्रकट किया।

पशुओं को लगाया जा रहा है टीका

भाटापारा। शासकीय पशु चिकित्सालय मोपका अंतर्गत आने वाले समस्त गावों में बरसात के मौसम में पशुओं में होने वाली गलघोटु व एकटंगी रोग का टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें टीकाकरण दलप्रभारी डा. प्रमोद कुमार सिंह पैकरा सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी डी.सी. पैकरा वेदप्रकाश राय गौ सेवक धजाराम साहू श्याम कुमार चतुर्वेदी भीखम वर्मा सभी अधिकारी कर्मचारी टीकाकरण अभियान में सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना रायपुर
मौल श्री विहार, व्ही.आई.पी. रोड, पुरैना, रायपुर

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाए गए आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	आयु	कालोनी का नाम	भू-खण्ड/भवन क्रमांक
1	2	3	4	5	6
1	डॉ. सूरज सिंह राजपूत	स्व. श्री नाथू सिंह राजपूत	49	सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर	पी2ए-280
2	श्री नोहर सिंह ठाकुर	स्व. श्री गौतम सिंह ठाकुर	42	-- तदैव --	पी3ए-63
3	श्री श्रवण कुमार लेखवानी	श्री गंगूमल लेखवानी	50	-- तदैव --	पी3ए-725
4	श्री श्रीचंद लेखवानी	श्री गंगूमल लेखवानी	60	-- तदैव --	पी2बी-428
5	डॉ. स्मिता राजशेखर (आम मुख्त्यार डॉ. श्री मेडीबोईना राजशेखर)	डॉ. श्री मेडीबोईना राजशेखर	69	-- तदैव --	पी3डी-710
6	श्री मनोज कुमार पिंगुआ	स्व. श्री ए.के. पिंगुआ	51	-- तदैव --	एफ3सी-22/102

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक- 09, रायपुर
मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र. /255/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2021 — रायपुर, दिनांक 15/07/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारों से कार्य क्रमांक- 1 एवं 4 हेतु सीलबंद निविदाएं कम या अधिक प्रतिशत दर के आधार दो लिफाफा पद्धति में कार्य क्रमांक-1 हेतु दिनांक 30.07.2021 को संध्या 5.30 बजे एवं कार्य क्रमांक- 2 से 4 हेतु दिनांक 05.08.2021 को संध्या 5.30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09, में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्य क्रमांक-1 हेतु दिनांक 26.07.2021 एवं कार्य क्रमांक -2 से 4 हेतु दिनांक 31.07.2021 को संध्या 5.30 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त किए जा सकेंगे। प्राप्त निविदाएं निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रुपये में)	अमानती राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1.	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड अंतर्गत पुरैना विधायक कालोनी में पेवर ब्लॉक लगाने का कार्य (द्वितीय निविदा)	2000000.00	20000.00	750.00	A	2 माह	ई.रजिस्ट्रेशन व श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
2.	जोन अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में नाली/रोड/ पुलिया मरम्मत कार्य (प्रथम निविदा)	345000.00	3500.00	750.00	A	1 माह	ई.रजिस्ट्रेशन व श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
3.	पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत आमासिवनी के आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में सी.सी. रोड एवं नाली मरम्मत कार्य	400000.00	4000.00	750.00	A	1 माह	ई.रजिस्ट्रेशन व श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
4.	पं. मोतीलाल नेहरू वार्ड अंतर्गत बंजरपारा के आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में सी.सी. रोड एवं नाली मरम्मत कार्य	397000.00	4000.00	750.00	A	1 माह	ई.रजिस्ट्रेशन व श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक-09 से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-09
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद, जिला-बालोद (छ.ग.)
Phone-Fax 07749-222008,
E-mail- cmobalod@rediffmail.com
क्रमांक/1222/नामांतरण/रा.वि./2020-21
बालोद, दिनांक 15/7/2021

छत्तीसगढ़ नगर पालिका विधान 1961 की धारा 150 के तहत

ईश्तहार

सर्व साधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि वार्ड नं. 09 मार्ग/गली नंबर मरार पारा बालोद स्थित मकान नंबर 104-13 में श्री राजेश कुमार पटेल पिता राम सिंह पटेल का नाम दर्ज है।

घर अपना नाम दर्ज करने हेतु श्रीमती शीला पटेल पति स्व. राजेश कुमार पटेल ने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी दावेदार को इस संबंध में आपत्ति हो तो वह मूल प्रमाण सहित इस सूचना प्रकाशित के 30 दिन में निम्न हस्ताक्षरकर्ता को लिकित आपत्ति कर सकता है। अवधि समाप्त होने पर या अवधि के पश्चात एवं बिना प्रमाण पत्र प्रस्तुत आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का निमयानुसार कार्यवाही की जावेगी।

सूचना हो
दिनांक 15/7/2021

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन/भूखंड क्र. जनता-1223 में श्री आशीष शर्मा पिता श्री श्रीकांत शर्मा को स्ववित्तीय/ एकमुश्त/ आफर आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. 05/01/2021 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन श्रीमती उषा देवी पति श्री सुनील कुमार के पक्ष में दिनांक 24/02/2021 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/ भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/ भूखण्ड क्रेता श्रीमती उषा देवी पति श्री सुनील कुमार पंडित के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्ध शासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशित की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नजूल अधिकारी कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. ई.पंजी.202107082200012
अ-6/2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर नजूल कवर्धा स्थित शीट क्र.-17, भूखंड क्र. 209/1 कुल क्षेत्रफल 44.34 वर्गमीटर भूखंड नजूल अभिलेख संधारण खसरा में धारक नगमा खातून पति नासिर खान, नाजीम खान पिता नासिर खान साकिन कवर्धा के नाम पर दर्ज है। उक्त भूखंड के धारक नगमा खातून पति नासिर खान की मृत्यु दिनांक 11.05.2021 को हो जाने के फलस्वरूप आवेदक द्वारा उक्त भूखंड से मृतक धारक नगमा खातून पति नासिर खान साकिन कवर्धा का नाम विलोपित कर शेष सहधारक नाजीम पिता नासिर खान का नाम यथावत रखे जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 26/07/2021 को नियत की गई है।

अतएव नामांतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 26/07/2021 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर मान्य नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 13/7/2021 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

जारी दिनांक 13/07/2021
पेशी दिनांक 26/07/2021

सील

नजूल अधिकारी
कबीरधाम

महंगाई के विरोध में कांग्रेसियों ने निकाली 5 किलोमीटर पदयात्रा

■ साइकल धकेल कर किया प्रदर्शन

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने साइकिल यात्रा की। वहीं 5 किमी पदयात्रा निकालकर महंगाई का विरोध किया इस दौरान कांग्रेसी साइकल चलाते नजर आए जिला कांग्रेस अध्यक्ष भाव सिंह साहू जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हफीज खान के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से कांग्रेस के कई पदाधिकारी शामिल हुए मालगांव से निकले कांग्रेसियों ने इस दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की महंगाई पर नियंत्रण न कर पाने के लिए मोदी सरकार को दोषी ठहराया भाव सिंह साहू ने कहा कि पिछले 7 साल में और जनता के खर्च काफी बढ़ गए हैं और आय कम हो गई जनता परेशान है और पीएम अपने में मस्त हैं जनता की समस्याओं से

जैसे केंद्र सरकार को कोई लेना-देना ही नहीं महंगाई कम करने के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा उल्टे जनता से सीधी जुड़ी हुई चीजें पेट्रोल डीजल घरेलू गैस पर और अधिक टैक्स लगाकर जनता की गाड़ी मेहनत की कमाई से रुपए निकालने का प्रयास किया जा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेताम ने कहा कि जनता सब देख रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के झूठे वादों में आकर जनता ने उन्हें और उनकी पार्टी को चुना था अब वादे पूरे नहीं होने के चलते जनता पस्त आ रही है बढ़ी हुई महंगाई का भार जनता पर पड़ रहा है गरीब और अधिक गरीब हो रहा है मध्यम वर्गीय परिवार इसमें खाता पीस रहा है जनता महंगाई के आगे काफी त्रस्त हो चुकी है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हफीज खान पिंटू ने कहां की पूर्व में कांग्रेस सरकार जनता को राहत देने के लिए कई तरह से प्रयास करती थी फिर भी यदि कभी 10- 20 पैसे बढ़ते थे तो भाजपाई सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन करते थे और जनता के हित का आंदोलन बताते थे आज जब उस समय से पेट्रोल डेढ़ गुना हो चुका है तब उन्हें जनता की पीड़ा नजर नहीं आती है गैस सिलेंडर ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है गरीब ही नहीं मध्यम वर्गीय परिवार भी अब इस महंगाई को झेल नहीं पा रहा।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश साहू सनी मेमन जिला पंचायत सदस्य मधुबाला रात्रे नादिर कुरैशी अमृत ध्रुव सुरेश मानिकपुरी संजय मिश्रा के साथ कई कांग्रेसी मौजूद रहे।

रीडिंग कर्ता ने बनाया कोरोना का बहाना, थमाया मनमाना बिल

■ साहब मैंने तो हर माह बिजली का बिल पटाया है आपने रीडिंग नहीं करवाया तो मेरी क्या गलती

■ बिजली के साथ अब रुलाने लगा बिल

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। बिजली की समस्या को लेकर जहां हर उपभोक्ता परेशान नजर आ रहा है, वही अब बिना रीडिंग के ही उपभोक्ताओं को बिजली का बिल चार माह तक दिया गया। वहीं उपभोक्ता ने भी प्रत्येक माह बिल अदा किया। वर्तमान माह जुलाई में रीडिंग कर उपभोक्ता को 700 से भी ज्यादा युनिट का बिल थमा दिया गया। जब उपभोक्ता ने इसकी शिकायत विद्युत विभाग में की तो रीडिंगकर्ता ने फोन पर कहा कि कोरोना के चलते उनके द्वारा रीडिंग नही किया गया, वही बिल ऊपर से भेजा गया। रीडिंगकर्ता की माने तो वह चार महीने से कोरोना की बिमारी से परेशान था, अब रीडिंग कर्ता तो ठीक हो गया, लेकिन उपभोक्ता इस बढे हुए रीडिंग से मानसिक रूप से परेशान नजर आ रहा है। दरासल कवर्धा जिले के वार्ड क्रमांक 19 में एक उपभोक्ता को इतना बिल थमा दिया गया, जितना किसी सामान्य परिवार का महीने का आय होता है। ज्ञात हो कि कबीरधाम जिले में बिना सूचना के ही जहां बिजली गुल की समस्या बनी हुई है, वही अब मनमाना बिजली का बिल उपभोक्ताओं को परेशान कर रहा है। दरअसल बताया जा रहा है कि बहुत से उपभोक्ताओं को बिना रीडिंग के ही बिल थमा दिया गया है, जिसके चलते अत्यधिक बिल का भुगतान अब रीडिंग के बाद आने लगा है, और उपभोक्ताओं को बिल अदा करना महंगा पड़ रहा है। दरअसल चार-पांच महीने से बिना रीडिंग के ही बिल भेजा जा रहा था,जबकि विद्युत उपभोक्ता के द्वारा प्रत्येक माह बिजली बिल की राशि अदा भी की गई है, लेकिन अब विभाग की माने उनका कहना है कि बिना रीडिंग के बिल गया था, जिसके चलते बिजली का बिल बढ़ कर आया है। वहीं उपभोक्ता का कहना है कि जब वे प्रत्येक माह बिजली का बिल अदा करते आ रहे हैं तो उनकी क्या गलती है। ऐसे में मीटर का रीडिंग नहीं करना और मनमाना बिल देना उपभोक्ताओं के लिए अब परेशानी का सबब बनते जा रहा है।

खुरसुनी धान खरीदी केंद्र में 130 कट्टा का धान हेरा-फेरी

23 कट्ठा धान का बना पंचनामा, राजनीतिक दबाव के चलते मामला हुआ रफा-दफा

■ पूरा मामला लॉकडाउन खुलने के बाद धान खरीदी के समय सहायक प्रबंधक एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक भरदा कला राजीनामा कराने में मुख्य भूमिका रहा।

नवप्रदेश संवाददाता

गुंडरदेही । ब्लॉक मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर ग्राम खुरसुनी सेवा सहकारी समिति में विगत अप्रैल माह के बाद लॉकडाउन खत्म होते ही धान खरीदी केंद्र में भारी हेराफेरी

सेवा सहकारी समिति मर्यादित खुरसुनी पंजीयन क्रमांक 291 में समर्थन मूल्य के तहत धान खरीदी में सहायक समिति प्रबंधक गोपेंद्र सोनी के मार्गदर्शन पर धान खरीदी हो रहा था इसी बीच प्रबंधन समिति की लापरवाही के चलते वहां के कुछ लोगों के द्वारा धान खरीदी केंद्र से लगभग 123 कट्टा धान खरीदी केंद्र से किसी दूसरे किसान के यहां चोरी छुपा ले जाकर रख दिया था, जिसकी शिकायत अस्थाई रूप से चपरासी कार्य करने वाले अंजोरी सिंह भारती के द्वारा किया था जिस को नजरअंदाज करते हुए सहायक प्रबंधक गोपेंद्र सोनी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक रामटेके के द्वारा मात्र 23 कट्ठा धान दूसरे किसान के यहां पंचनामा बनाया था ,जिसकी जानकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मैनेजर रामटेके एवं धान खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी एस के वायदे को पूरी जानकारी था इसके बाद भी धान खरीदी केंद्र में धान की चोरी छुपा हेराफेरी का मामला को दबाकर प्रबंधक द्वारा एवं क्षेत्र के बड़े जनप्रतिनिधि के दबाव में आकर राजीनामा करवा दिया।

इस पूरे मामले को लेकर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के मैनेजर रामटेके ने स्वीकार किया कि सोसाइटी का धान हमने दूसरे किसान के यहां 23 कट्ठा पंचनामा किए हैं पर हम क्या करें राजनीतिक दबाव के कारण उन्हें गांव स्तर पर राजीनामा करवाना पड़ गया आखिर इसकी जानकारी हम अपने नोडल अधिकारी वायदे सर को दे दिए हैं पूरी जिम्मेदारी सहायक समिति प्रबंधक गोपेंद्र सोनी का है

इस पूरे मामले को लेकर हेरा फेरी की खबर जब जिला कलेक्टर तक पहुंचा तब खरीदी केंद्र के नोडल अधिकारी एसके वायदे ने कहा इसकी जानकारी मुझे नहीं है

इस पूरे मामले को लेकर सेवा सहकारी समिति के सहायक प्रबंधक गोपेंद्र सोनी ने कहा मामला पुराना हो गया है मामला रफा-दफा हो गया है उजागर करने से कोई मतलब नहीं यह जानकारी उन्होंने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भरदा कला में बैंक मैनेजर रामटेके के सामने दो पत्रकारों के बीच स्वीकार किया है।

आखिर किसानों के सोसाइटी में शासन के खरीदी किया हुआ धान की चोरी को राजनीतिक दबाव के चलते क्यों मामले को दबाया जा रहा है इस पूरे मामले को लेकर शिकायतकर्ता अंजोर भारती ने कहा मैं शिकायत करते करते थक गया हूं पर अब तक किसी ने सही प्रकार की जांच नहीं कर रहे हैं

इस मामले को लेकर गुंडरदेही क्षेत्र के भाजपा नेता पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू ने कहा की कांग्रेस के बड़े नेता के इशारे में यहां के भ्रष्टाचार को दबाने का प्रयास समिति प्रबंधक एवं सोसाइटी के जिम्मेदार लोग कर रहे हैं वैसे धान सोसाइटी से बाहर किसी दूसरे जगह निकालने वालों के खिलाफकड़ी कार्यवाही होना चाहिए अधिकारी सही मायने में जांच करें तो गुंडरदेही ब्लॉक में अधिकांश सोसाइटी में हेराफेरी का मामला चल रहा है।

इस पूरे मामले को लेकर पूर्व विधायक एवं भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता राजेंद्र कुमार राय ने कहा जब अधिकारी 23 कट्ठा का पंचनामा बना लिया है तो कार्यवाही क्यों रोका गया है हेराफेरी करने वाले सहित समिति प्रबंधक व बैंक मैनेजर पर कार्रवाई होना चाहिए आखिर किसानों के धान सोसाइटी से चोरी छुपे रखने वालों पर उचित कार्रवाई हो कलेक्टर से करेंगे इस मामले में बात।।

छत्तीसगढ़ गुजराती एकता मंच के किरीट भाई ठक्कर प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

गरियाबंद। छत्तीसगढ़ गुजराती एकता मंच के प्रदेश अध्यक्ष श्री तरुण मेहता ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि गरियाबंद जिले के लोकप्रिय, मिलनसार, सहयोगी व शांत स्वभाव के सक्रिय समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री किरीट भाई ठक्कर को छत्तीसगढ़ गुजराती एकता मंच में 'प्रदेश उपाध्यक्ष' नियुक्त किया गया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है किरीट भाई की नियुक्ति से गरियाबंद जिले के गुजराती बन्धुओं में उर्जा का संचार होगा और एकता मंच के माध्यम से क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी, साथ ही मंच को भी श्री ठक्कर के अनुभव का लाभ मिलेगा। किरीट भाई ठक्कर की इस नियुक्ति पर अनमोल कुमार टांक राजेश व्यास कांजीभाई पारपानी गौरव चावड़ा गिरीश भाई गोवानी निलेश भाई ठक्कर रायपुर , राजेश भाई राजा दुर्ग विपिन सवानी रायगढ़ ,प्रवीण भाई नथवाणी अरविंद भाई सौमैय्या मयूर मनियार भीखूभाई नथवाणी नयापारा -राजिम , हिमांशु सौंगानी गरियाबंद ,प्रकाश भाई पटेल मैनपुर , कनक भाई हिंडोचा छुरा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की है।

महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण ने निकाली साइकिल रैली

खरोरा। महंगाई के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के द्वारा दोन्देकला से निकली विधानसभा चौक तक निकली सायकल रैली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम जी, रायपुर जिला प्रभारी राजेन्द्र साहू जी व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खरोरा के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा सायकल चलाते हुए।

ग्राम पंचायत घोरभट्ठी सरपंच ने किया महिला से अनाचार

खरोरा। खरोरा थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि ने बताया की थाना ख़रोरा अंतर्गत ग्राम घोरभट्ठी की 45 वर्षीय महिला ने थाना ख़रोरा में आ कर रिपोर्ट दर्ज कराया की दिनांक 12/07/21 की रात्रि क़रीबन 22/30- 11/00 बजे ग्राम का सरपंच अमरनाथ वर्मा पिता मोतीराम वर्मा आयु 35 वर्ष प्रार्थिया के घर में घुस आया। सूनेपन का लाभ उठाते हुए आरोपी द्वारा गहरी नींद में सोयी प्रार्थिया से छेड़खानी करने लगा, प्रार्थिया की नींद खुलने पर आरोपी द्वारा धारदार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दे कर महिला से अनाचार किया। आरोपी के जाने पश्चात महिला द्वारा घटना की जानकारी परजनों व अन्य को दी गयी व अगले दिन दिनांक 13/07/21 को थाना ख़रोरा में आ कर रिपोर्ट दर्ज कराया। अपराध कायमी के पश्चात पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी सरपंच अमरनाथ वर्मा को गिरफ़्तार किया गया है जिसे आज न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया गया वजन त्यौहार

खरोरा। खरोरा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 14 व 15 में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 व 15 में वजन त्यौहार मनाया गया । जिसमें बच्चों का वजन तौलकर एवं ऊंचाई नाप कर वजन त्यौहार का शुभारंभ किया गया । इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, उपाध्यक्ष पन्ना लाल देवांगन ,सभापति महिला बाल विकास श्रीमती रश्मि वर्मा , अध्यक्ष प्रतिनिधि व पूर्व एल्डरमैन यशवंत वर्मा ,राकेश अग्रवाल आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला वर्मा, करुणा गौतम सहायिका सुनीता दुबे , राधिका यादव सहित हितग्राही व वार्ड वासी अधिक संख्या में उपस्थित थे।

नाबालिग को दंतेवाड़ा के किरंदुल ले जाकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी हुआ गिरफ्तार

■ नाबालिक को बहला फुसलाकर करता रहा शारीरिक शोषण

■ आरोपी को किरंदुल से घेराबंदी कर किया गया गिरफ्तार, आरोपी को भेजा गया जेल

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्र का है जहां के एक प्रार्थी द्वारा 5 जुलाई 2021 को सिटी कोतवाली गरियाबंद में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि कोई अज्ञात व्यक्ति इनके नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट के आधार पर तत्काल धारा 363 भादवि के तहत अपराध दर्ज किया गया।

जो कि मामला गंभीर एवं बालिका के अपहरण से सम्बंधित होने पर घटना की जानकारी तुरंत जिला के आला अधिकारियों का दी गई जिसके बाद जिला गरियाबंद के पुलिस कप्तान पारुल माथुर के निर्देश पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक वेदवती दरियो द्वारा टीम बनाकर आरोपी की पता तलाश में जुट गये। मुखबीर सूचना व सायबर सेल की सूचना पर आरोपी को दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल से घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म करने की बात स्वीकार किया गया तथा आरोपी सुंदरलाल विश्वकर्मा पिता हरिराम विश्वकर्मा के कब्जे से अपहृता को बरामद किया गया। जिसके बाद आरोपी को धारा 363, 366, 376 (2) (ड.) भादवि 4 पॉक्सो मे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया।

1 चोर के साथ चोरी का माल खरीदने वाला 3 अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

नवप्रदेश संवाददाता

गरियाबंद। सिटी कोतवाली थाना गरियाबंद पुलिस ने चोरी के आरोपी -विकास कश्यप पिता गोविंद कश्यप उम्र 18 साल कृष्ण कुमार ठाकुर पिता किशन ठाकुर उम्र 20 साल जुम्मन खान पिता मोहम्मद हनीफ खान उम्र 27 साल अविनाश शर्मा पिता स्व. गोपी नाथ शर्मा उम्र 27 साल को गिरफ्तार किया है। ये सभी आरोपी डाकबंगला पारा गरियाबंद के है।

मामला सिटी कोतवाली गरियाबंद क्षेत्रांतर्गत डाकबंगला पारा गरियाबंद का है जहां के प्रार्थी दौलत सोनवानी पिता मयाराम उम्र 45 साल निवासी डाकबंगला पारा के द्वारा अपने घर मे रखे 01 नग एच पी कंपनी का गैस सिलेंडर, 02 नग भारत गैस सिलेंडर, 01 नग सूर्या कंपनी का इंडक्शन, 01 नग सोनी कंपनी का मिक्सी, 01 नग सूर्या कंपनी का गैस चूल्हा, 02 नग टेबल पंखा कुल कीमती 21,400? को दिनाँक 12-13/07/2021 के दरम्यानी रात को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट दिनाँक 13.07.2021 को थाना सिटी कोतवाली गरियाबंद में दर्ज कराई गई। जिस पर अपराध क्रमांक 192/2021 धारा 457, 380 भादवि पंजीबद्ध किया गया।

घटना की जानकारी जिले के आला अधिकारियों को दिया गया जिसके बाद जिला गरियाबंद के पुलिस कप्तान पारुल माथुर के दिशा-निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, संतोष महतो के मार्गदर्शन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गरियाबंद संजय ध्रुव के पर्यवेक्षण तथा निरीक्षक वेदवती दरियो के नेतृत्व में टीम गठित कर माल-मुलजिम पता तलाश किया गया।

महंगाई के खिलाफ साइकिल यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक

कवर्धा । प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम एवं मंत्री मोहम्मद अकबर के निर्देशानुसार एवं थानेश्वर पाटीला की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी कबीरधाम के जिलाध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी ने निम्न प्रमुख ऐजेंडो को लेकर बैठक आहूत की। जिसमें 16 जुलाई को होने वाली महंगाई के खिलाफ विशाल साइकिल यात्रा के पूर्व तैयारी एवं रूपरेखा के संबंध में विस्तृत चर्चा, आउटरीच अभियान के तहत हो रहे कोरोना सर्वे की जानकारी सहविचार विमर्श, बूथ, सेक्टर, जोन कमेटी को नये शीरे से तैयार करने कार्य योजना तैयार किया गया।

जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष चंद्रवंशी ने सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम संबंधी दायित्व सौंपा ज्ञात हो कि 16 तारीख को कवर्धा में आयोजित महंगाई के खिलाफ केंद्र सरकार के विरोध में विशाल साइकिल यात्रा में, द्रष्टष्ट के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी चंदन यादव जी का आगमन होना है। जिसकी तैयारी के संबंध में कार्ययोजना तैयार करने एवं रूपरेखा बनाने विस्तृत चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं में उत्साह और प्रसंता उनकी वृहद उपस्थिति से पता चलता है।

आउटरीच अभियान के तहत सभी बूथ सेक्टर एवं जॉन स्तर के प्रभारियों को जो सर्वे की जिम्मेदारी दी गई थी एवं फॉर्म भर कर लाने को कहा गया था उन सभी ने जिला अध्यक्ष को सर्वे फॉर्म का बंडल प्रस्तुत किया। ज्ञात हो कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा कोरोना संक्रमण काल में लॉकडॉउन एवं कोरोना से प्रभावित हुए परिवारों की जानकारी उनकी अवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनके सहयोग हेतु डाटा संकलित कर रहे।

परेशानी | किसान नेता योगेश तिवारी की अगुवाई में किसानों ने बिजली दफ्तर में किया प्रदर्शन

अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों ने सीएम के नाम बिजली कंपनी के अधिकारियों को किया लालटेन भेंट, गिनाई परेशानियां

बेमेतरा। जिला में लगातार हो रहे अघोषित बिजली के विरोध में किसानों ने बेमेतरा बिजली कंपनी के कार्यपालन यंत्री को लालटेन भेंट किया। किसानों ने किसान नेता योगेश तिवारी की अगुवाई में बिजली दफ्तर में प्रदर्शन प्रदर्शन किया। किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण व किसान परेशान हैं। एक ओर जहां ग्रामीणों का दैनिक दिनचर्या प्रभावित हुआ है वही कसानों को कृषि कार्य में बाधा आ रही है। अटल ज्योति योजना में महज कुछ घंटे ही किसानों को बिजली मिल रही है जो कृषि कार्य के लिए नाकाफी साबित हो रही है। इस दौरान निखिल जैन, बबलू शर्मा, राजेश मारकंडे, दीपक तिवारी, गिरीश गबेल, मनोज पटेल, जगन्नाथ, मनोज दुबे, संतोष साहू, मनोज यदु, अजय मिश्रा, राजू यदु, पीयूष शर्मा, रवि पटेल, किशन पटेल, धनराज, अनिल, मोनू पाल, जगरा खंड, देवनाथ साहू, ईश्वर वर्मा, दीपेश साहू, कमलेश साहू, महेश यादव, महेश, अरिजीत लहरें, देव कुमार, राजेश निषाद, राज निषाद, गणेश साहू, किशन साहू, गोपीचंद पाल, नागेश वर्मा, संतोष लहरे, रानू वर्मा, सानू साहू, अमन शर्मा, बसंत शर्मा, रघुराज यादव, शिवम तिवारी उपस्थित थे।

ग्रामीणों को लालटेन युग की आने लगी, किसान परेशान

किसान नेता ने कहा कि विभाग के अधिकारियों को बार बार आग्रह किए जाने के बावजूद समस्या का निराकरण नहीं हो पा रहा हैं। फाल्ट ढूंढने के नाम पर गांव में कई दिनों तक बिजली आपूर्ति ठप कर दी जाती है, इसलिए मुख्यमंत्री, विधायक व बिजली कंपनी के उच्च अधिकारी के नाम पर बेमेतरा बिजली अधिकारी को लालटेन भेंट कर समस्या के निराकरण की मांग की गई है। शासन प्रशासन के बेपरवाही से ग्रामीण लालटेन युग की ओर लौट रहे हैं। गांवों में कई दिनों तक बिजली आपूर्ति ठप रहने के कारण ग्रामीणों को फिर से लालटेन की याद आने लगी हैं।

किसानों को लाखों रुपए बिजली बिल थमाए जा रहे

किसान नेता योगेश तिवारी ने बताया कि ने बताया कि कांग्रेस सरकार की घोषणा अनुसार बिजली बिल हाफ की बात की गई थी। बिजली बिल हाफ का वादा पूरा करना तो दूर, किसानों और आमजनों को लाखों रुपए बिजली बिल थमाए जा रहे हैं। इस संबंध में कई बार शिकायत के बावजूद निराकरण की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहे हैं। अधिकारियों से जल्द समस्या के निराकरण की मांग करने पर मैन पावर की कमी का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसी स्थिति में दिनोंदिन किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही हैं।

बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से क्षेत्र में होंगे करोड़ों रुपए के विकास कार्य

बेमेतरा। विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के ग्राम मावलीभाठा में हसदा - गोड़गिरी मुख्य मार्ग से धान खरीदी केंद्र ग्राम तिलई मावलीभांठा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य 49.55 लाख, ग्राम हरदी में बेरला- कंण्डरका मुख्य मार्ग से पंचायत भवन/आंगनबाड़ी भवन/ हरदी (भिभौरी) पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य 49.87 लाख एवं ग्राम टकसीवा में सूरजपुरा- टकसिवा ताकम मुख्मार्ग से हायर सेकेंडरी स्कूल भवन/ पंचायत भवन/आगनबाडी केंद्र भवन ग्राम टकसिवा पहुंच मार्ग 49.99 लाख रुपये सड़क निर्माण की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है। विधायक आशीष छाबड़ा ने इन ग्रामों में सड़क निर्माण को लेकर शुरू से ही प्रयासरत रहे हैं, जिसका परिणाम है कि राज्य शासन ने विधायक आशीष छाबड़ा की मांग को मानते हुए इन ग्रामों में सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की हैं। विधायक आशीष छाबड़ा ने सड़क निर्माण स्वीकृति पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू का विशेष रूप से आभार व्यक्त किए हैं जिनके छत्रछाया में बेमेतरा विधानसभा विकास के नए आयाम गढ़ रहा हैं। ज्ञात हो कि इन सड़कों के बन जाने से वर्षा ऋतु में आम जनता को आवागमन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा, अन्यथा इसके पूर्व सड़क निर्माण नहीं होने के कारण ग्रामवासियों तथा आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के प्रयासों से मिली सफलता पर ग्राम वासियों ने भी प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया हैं।